पढ़े चलो, बढ़े चलो
RASHTRIYA MADHYAMIK SHIKSHA ABHIYAN

# प्रश्न बैंक

## सत्र - 2022-23

## कक्षा - 10वीं

## विषय - हिन्दी

समग्र शिक्षा अभियान (सेकेन्डरी एजुकेशन) लोक शिक्षण संचालनालय
म.प्र.,भोपाल

**माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल**
**हाईस्कूल परीक्षा सत्र 2022–23**
**BLUE PRINT OF QUESTION PAPER**

कक्षा :– 10वीं
विषय :– हिन्दी

पूर्णांक :– 75
समय :– 3:00 घंटे

| क्र. | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| इकाई 1 | **क्षितिज भाग – 2 काव्य खण्ड**<br>• पदय साहित्य का इतिहास एवं काल विभाजन, रीतिकाल, आधुनिक काल (प्रयोगवाद, प्रगतिवाद, नई कविता)<br>• कवि परिचय<br>• भावार्थ (सन्दर्भ, प्रसंग, भावार्थ, काव्य सौन्दर्य)<br>• सौन्दर्य बोध तथा भाव एवं विषय वस्तु पर आधारित प्रश्न | 17 | 06 | 04 | 01 | – | – | 05 |
| इकाई 2 | **काव्य बोध –**<br>• काव्य की परिभाषा एवं भेद (प्रबन्ध काव्य के भेद)<br>• रस : अंग एवं प्रकार उदाहरण सहित<br>• छन्द : दोहा एवं चौपाई<br>• अलंकार : मानवीकरण, पुनरूक्तिप्रकाश, अतिशयोक्ति, अन्योक्ति अलंकार | 10 | 06 | 02 | – | – | – | 02 |
| इकाई 3 | **क्षितिज भाग – 2 गदय खण्ड–**<br>• गदय की प्रमुख एवं गौण विधाएँ<br>• लेखक परिचय<br>• व्याख्या (सन्दर्भ, प्रसंग, व्याख्या, विशेष)<br>• विषय वस्तु एवं विचार बोध पर आधारित प्रश्न | 17 | 06 | 04 | 01 | – | – | 05 |
| इकाई 4 | **भाषा बोध–**<br>• संधि एवं समास (भेद एवं उदाहरण), वाच्य, क्रिया के भेद एवं क्रिया विशेषण<br>• मुहावरें एवं लोकोक्तियाँ, अनेकार्थी शब्द, वाक्यांश के लिए एक शब्द<br>• वाक्य के भेद (अर्थ के आधार पर)<br>• शब्द शक्ति एवं शब्द गुण का सामान्य परिचय | 08 | 06 | 01 | – | – | – | 01 |
| इकाई 5 | **कृतिका भाग–2**<br>पूरक पाठ्यपुस्तक से विविध पाठों पर आधारित प्रश्न | 08 | 06 | 01 | – | – | – | 01 |
| इकाई 6 | **अपठित बोध–**<br>अपठित काव्यांश / गदयांश | 04 | – | – | – | 01 | – | 01 |
| इकाई 7 | **पत्र लेखन–**<br>औपचारिक पत्र / अनौपचारिक पत्र | 04 | – | – | – | 01 | – | 01 |
| इकाई 8 | • अनुच्छेद लेखन / संवाद लेखन / विज्ञापन लेखन / सूचना लेखन<br>• निबंध लेखन (रूपरेखा सहित) | 07 | – | – | 01 | 01 | – | 02 |
| | कुल योग (अंक) | 75 | 30 | 24 | 09 | 12 | – | 18+5=23 |

प्रश्नपत्र निर्माण हेतु विशेष निर्देश–

➢ **40%वस्तुनिष्ठ प्रश्न, 40% विषयपरक प्रश्न, 20% विश्लेषणात्मक प्रश्न होंगे।**

1. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 30 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे। सही विकल्प, रिक्त स्थान, सही जोड़ी, एक वाक्य में उत्तर, सत्य असत्य, संबंधी प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न के 06 अंक निर्धारित है।
2. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को छोड़कर सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान होगा। यह विकल्प समान इकाई/उपइकाई से तथा समान कठिनाई स्तर वाले होंगे। इन प्रश्नों की उत्तर सीमा निम्नानुसार होगी–

| | | |
|---|---|---|
| अति लघुउत्तरीय प्रश्न | 02 अंक | लगभग 30 शब्द |
| लघुउत्तरीय प्रश्न | 03 अंक | लगभग 75 शब्द |
| विश्लेषणात्मक | 04 अंक | लगभग 120 शब्द |

3. कठिनाई स्तर :– 40% सरल प्रश्न, 45% सामान्य प्रश्न, 15% कठिन प्रश्न।

सत्र 2022–23

कक्षा – 10वीं

विषय – हिन्दी

कम किया गया पाठ्यक्रम

| स.क्र. | पुस्तक का नाम | पाठ का नाम | लेखक/कवि का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | क्षितिज भाग–2 (काव्य खंड) | पाठ–3 पाँयनि नुपूर ....... डार द्रुम पलना .......... फटिक सिलानि ........ | देव |
| 2 | क्षितिज भाग–2 (काव्य खंड) | पाठ–7 छाया मत छूना | गिरिजा कुमार माथुर |
| 3 | क्षितिज भाग–2 (काव्य खंड) | पाठ–8 कन्यादान | ऋतुराज |
| 4 | क्षितिज भाग–2 (गद्य खंड) | पाठ–13 मानवीय करूणा की दिव्य चमक | सर्वेश्वर दयाल सक्सेना |
| 5 | क्षितिज भाग–2 (गद्य खंड) | पाठ–15 स्त्री शिक्षा के विरोधी कुतर्कों का खंडन | महावीर प्रसाद द्विवेदी |
| 6 | कृतिका भाग–2 | पाठ–2 जॉर्ज पंचम की नाक – | कमलेश्वर |
| 7 | कृतिका भाग–2 | पाठ–4 ऐही ठैयाँ झुलनी हेरानी हो रामा! | शिव प्रसाद मिश्र 'रूद्र' |

**कक्षा - 10वी**

**विषय-हिन्दी**

## अनुक्रमणिका


| स.क्र. | इकाई क्रमांक | इकाई का नाम |
|---|---|---|
| 1. | 01 | क्षितिज भाग-2 काव्य खण्ड |
| 2. | 02 | काव्य बोध |
| 3. | 03 | क्षितिज भाग-2 गद्य खण्ड |
| 4. | 04 | भाषा बोध |
| 5. | 05 | कृतिका भाग-2 |
| 6. | 06 | अपठित बोध |
| 7. | 07 | पत्र - लेखन |
| 8. | 08 | निबन्ध - लेखन |

# इकाई - 1
# क्षितिज भाग-2 काव्यखण्ड

| क्र | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| इकाई 1 | **क्षितिज भाग -2, काव्य खंड**<br>• पद्य साहित्य का इतिहास एवं काल विभाजन, रीतिकाल, आधुनिक काल (प्रयोगवाद, प्रगतिवाद, नई कविता )<br>• कवि परिचय<br>• भावार्थ : (संदर्भ, प्रसंग , भावार्थ, काव्य सौन्दर्य)<br>• सौंदर्य बोध तथा भाव एवं विषय वस्तु आधारित प्रश्न | 17 | 06 | 04 | 01 | --- | --- | 05 |

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न** **(01 अंक)**

**सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

1. हिन्दी के पद्य साहित्य का दूसरा काल है-
   (अ) रीतिकाल (ब) भक्तिकाल
   (स) आदिकाल (द) आधुनिक काल
2. आधुनिक काल का आरम्भ होता है-
   (अ) संवत् 1900 से (ब) संवत् 1050 से
   (स) संवत् 1375 से (द) संवत् 1800 से
3. छायावाद के आधार स्तम्भ कवि नहीं है-
   (अ) निराला (ब) जयशंकर प्रसाद
   (स) महादेवी वर्मा (द) सूरदास
4. प्रयोगवाद के कवि हैं-
   (अ) अज्ञेय (ब) सुमित्रानंदन पन्त
   (स) महादेवी वर्मा (द) तुलसीदास
5. नई कविता के कवि हैं-
   (अ) निराला (ब) सुमित्रानंदन पंत
   (स) महादेवी वर्मा (द) रघुवीर सहाय
6. भक्तिकाल की समय सीमा है-
   (अ) संवत् 1050 से संवत् 1375 (ब) संवत् 1375 से संवत् 1700
   (स) संवत् 1700 से संवत् 1900 (द) संवत् 1900 से अब तक

7. प्रयोगवाद का आरंभ माना जाता है -

(अ) सन् 1943 से (ब) सन् 1911 से

(ग) सन् 1963 से (द) सन् 1936 से

8. नंद नंदन का प्रयोग किया गया हैं-

(अ) उद्धव के लिए (ब) गोपियों के लिए

(स) कृष्ण के लिए (द) सूरदास के लिए

9. गोपियों को ज्ञान व योग की बातें लगती है-

(अ) मधुर (ब) नीरस

(स) कड़वी ककड़ी सी (द) अग्नि के समान

10. गोपियों ने श्रीकृष्ण की तुलना की है-

(अ) हारिल की लकड़ी से (ब) नीम की लकड़ी से

(स) चंदन की लकड़ी से (द) तुलसी की लकड़ी से

11. 'व्याधि' शब्द का अर्थ है -

(अ) आधार (ब) चिंता

(स) रोग (द) विरह

12. सूर के पद में भाषा है-

(अ) ब्रज (ब) मैथिली

(स) खड़ी बोली (द) बघेली

13. 'मरजादा न लही' के माध्यम से मर्यादा की बात कही है-

(अ) समाज की (ब) प्रेम संबंध की

(स) परिवार की (द) ग्राम घर की

14. सूरदास के गुरु थे-

(अ) नरहरिदास (ब) विठ्ठलनाथ

(स) हरिदास (द) बल्लभाचार्य

15. सूर के आराध्य हैं-

(अ) श्रीराम (ब) नानक

(स) श्रीकृष्ण (द) शिव

16. 'पुरइनि पात' का अर्थ हैं-

(अ) कमल का पत्ता (ब) कमल का फूल

(स) पूरी तरह (द) पुरवाई

17. सूर की रचना नहीं हैं-

(अ) सूरसागर (ब) साहित्य लहरी

(स) सूरसारावली (द) विनय पत्रिका

18. परशुराम को व्यंग्य भरे उत्तर दिए-

(अ) राम ने (ब) लक्ष्मण ने

(स) विश्वामित्र ने (द) जनक

19. शिव-धनुष के टूटने पर क्रोधित हो उठे -

(अ) विश्वामित्र (ब) लक्ष्मण

(स) परशुराम (द) रावण

20. रामचरितमानस की भाषा है -

(अ) ब्रज (ब) बुन्देली

(स) अवधी (द) मालवी

21. राम-लक्ष्मण के गुरु का नाम था-

(अ) परशुराम (ब) विश्वामित्र

(स) भृगु (द) तुलसीदास

22. सहस्त्रबाहु का वध किया था-
(अ) राम ने (ब) परशुराम ने
(स) लक्ष्मण ने (द) विश्वामित्र ने

23. कवि अपनी आत्मकथा को बता रहा है-
(अ) भोली (ब) करुण
(स) सच्ची (द) सुन्दर

24. 'थके पथिक की पंथा' में अंलकार है-
(अ) उपमा (ब) अनुप्रास
(स) यमक (द) रुपक

25. छायावाद के प्रतिनिधि कवि हैं-
(अ) जयशंकर प्रसाद (ब) ऋतुराज
(स) सूरदास (द) धर्मवीर भारती

26. प्रसाद जी को 'कामायनी' पर पारितोषिक मिला-
(अ) ज्ञानपीठ (ब) दिनकर पारितोषिक
(स) सरस्वती सम्मान (द) मंगला पारितोषिक

27. जयशंकर प्रसाद का संग्रह नहीं है-
(अ) आकाशदीप (ब) इंद्रजाल
(स) आंधी (द) साये में धूप

28. 'उत्साह' कविता में बादल प्रतीक है-
(अ) शांति का (ब) गति का
(स) क्रांति का (द) सुख का

29. कवि ने बादलों को किसकी कल्पना के समान पाले हुए माना है-
(अ) बाल कल्पना (ब) आसमान की कल्पना
(स) विद्युत की कल्पना (द) काले घुंघराले वालों की कल्पना

30. कवि ने बादलों के लिए विशेषण प्रयोग किया है-
(अ) अनन्त (ब) ललिता
(स) नवजीवन वाले (द) मनमोहक

31. कवि बादलों से बरसने का आह्वान कर रहा है -
(अ) गोल-गोल घूमकर बरसने को (ब) आकाश को घेरकर बरसने को
(स) धीरे-धीरे बरसने को (द) तीव्र वेग में बरसने को

32. कवि ने तृप्त धरा के माध्यम से संकेत किया है -
(अ) जनसामान्य की पीड़ा (ब) अत्यधिक गर्मी
(स) जलवायु परिवर्तन (द) वैश्विक तपन

33. यह दन्तुरित मुस्कान पाठ के लेखक हैं -
(अ) नवीन (ब) नागार्जुन
(स) ऋतुराज (द) निराला

**रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए -**

1. सूर की भक्ति. .. .. .. .. .. . भाव की है। (साख्य भाव / दास भाव)
2. सूरदास. .. .. .. .. .. .थे। (जन्मांध / गूंगे)
3. गोपियाँ उद्धव को. .. .. .. .. मानती हैं। (हतभागी / बड़भागी )
4. गोपियों के लिए श्री कृष्ण हारिल की. .. .. .. की तरह है। (लकड़ी / फूल)
5. हरि हैं. .. .. .. .. .पढ़ि आए। (राजनीति / कूटनीति)
6. सूरदास का निधन. .. .. ...में हुआ। (रुनकता/ पारसौली)
7. गोपियों ने मधुर संबोधन के. .. .. .. .. ..के लिए दिया। (कृष्ण / उद्धव)
8. सूरदास जी मुख्यतः. .. .. .. .. .. के कवि है। (वात्सल्य रस / शांत रस)
9. योग संदेश लेकर. .. .. .. .. .. .मथुरा से बृजधाम आये है। (अक्रूर / उद्धव)
10. 'छुअत टूट रघुपतिहु न दोसू' कथन ------------------ का है। (विश्वामित्र / लक्ष्मण )
11. परशुराम स्वभाव से. .. .. .. .. .. .. थे। (क्रोधी / दयालु)
12. रघुकुल में देवता ब्राह्मण, ईश्वर भक्त और. .. .. .. .का वध नहीं किया जाता था। (गाय/ पक्षियों )
13. . .. .. .. .. .. .व्यक्ति अपनी प्रशंसा स्वयं ही करते हैं। (निडर / कायर)
14. परशुराम के गुरु. .. .. .. .. .. .. .थे। (भगवान शिव / भगवान विष्णु)
15. कवि के सरल स्वभाव के कारण. .. .. .. .. .. .. .ने धोखा दिया है। (मित्रों / रिश्तेदारों)।
16. आलिंगन में आते-आते. .. .. .. .. .. . जो भाग गया। (रूठकर / मुसक्या)
17. निराला ने बादलों से. .. .. .. .. .. का आग्रह कर रहा है। (बरसने / नाचने)
18. निराला ने बादलों को .. .. .. .के समान सुन्दर बताया है। (केशों/आँखों)
19. उत्साह कविता की भाषा. .. .. .. .. .. . है। (संस्कृतनिष्ठ खड़ी बोली/ बघेली)
20. निराला की अधिकांश रचनाएँ. .. .. .. . छन्द में मिलती हैं। (गीतिका /मुक्तक)
21. दुविधाहत साहस का शाब्दिक अर्थ. .. .. .. .. .है। (साहस होते हुए दुविधाग्रस्त रहना / बिना दुविधा के रहना)
22. हर चंद्रिका में छिपी एक रात. .. .. .. . है। (कृष्णा / सुंदर)

**सही जोड़ी बनाकर लिखिए –**

| I | (अ) | (ब) |
|---|---|---|
| | 1. सूर के पद<br>2. उत्साह<br>3. निराला<br>4. राम-लक्ष्मण परशुराम संवाद<br>5. 'आत्मकथ्य' | i. निराला<br>ii. सूरदास<br>iii. अट नहीं रही है<br>iv. जयशंकर प्रसाद<br>v. तुलसीदास |
| **Ii** | **(अ)** | **(ब)** |
| | 1. "विनयपत्रिका<br>2. कामायनी<br>3. साहित्य लहरी<br>4. युगधारा<br>5. पहाड़ पर लालटेन | i. मंगलेश डबराल<br>ii. तुलसीदास<br>iii. जयशंकर प्रसाद<br>**iv.** सूरदास<br>v. नागार्जुन |
| **Iii** | **(अ)** | **(ब)** |
| | 1. तुम्हारी यह<br>2. थके पथिक की<br>3. मुख्य गायक की<br>4. मन की मन ही<br>5. आभा फागुन की तन | i. गरज में<br>ii. दंतुरित मुसकान<br>iii. पंथा की<br>iv. सट नहीं रही है<br>v. माँझ रही |
| **Iv** | **(अ)** | **(ब)** |
| | 1. सूरदास का जन्म एवं मृत्यु<br>2. तुलसीदास का जन्म एवं मृत्यु<br>3. जयशंकर प्रसाद का जन्म एवं मृत्यु<br>4. निराला का जन्म एवं मृत्यु<br>5. नागार्जुन का जन्म एवं मृत्यु<br>6. मंगलेश डबराल का जन्म | i. सन् 1889, सन् 1937<br>ii. सन् 1478, सन् 1583<br>iii. सन् 1532, सन् 1623<br>iv. सन् 1911, सन् 1998<br>v. सन् 1948<br>vi. सन् 1899, सन् 1961 |

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए**

1. सूरदास भक्तिकाल की किस शाखा के कवि हैं ?
2. गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या है ?
3. सूर-सारावली के कवि का क्या नाम है ?
4. क्षितिज भाग 2 में संग्रहित सूर के 4 पद कहाँ से लिए गए हैं ?
5. गोपियों ने भ्रमर के बहाने किस पर व्यंग्य बाण छोड़े हैं।
6. राम लक्ष्मण परशुराम संवाद रामचरितमानस के किस कांड से लिया गया हैं ?
7. गोस्वामी तुलसीदास की मृत्यु कहाँ हुई ?
8. सीता स्वयंवर में राम-लक्ष्मण किसके साथ आए थे ?
9. 'बालकु बोलि बधौ नहि तोही' में कौन सा अलंकार है ?
10. ऊँगली दिखाने से कौन मुरझा जाता है ?
11. कवि प्रसाद जी अपने किस स्वभाव को दोष नहीं देना चाहते ?
12. मुरझाकर गिर रही पत्तियाँ किसका प्रतीक हैं ?
13. 'आत्मकथ्य' कविता में किस पक्ष की अभिव्यक्ति हुई ?

14. प्रेयसी के कपोलों की लालिमा की तुलना किससे की गई है ?
15. प्रसाद जी के आलिंगन में आते-आते क्या भाग गया ?
16. बादल के हृदय में कौन छुपा है ?
17. विश्व के सकल जन कैसे हो रहे हैं ?
18. 'घेर-घेर घोर गगन' में कौन सा अलंकार है ?
19. बादल किस दिशा से आते हैं ?
20. तप्त धरा का सांकेतिक अर्थ क्या है ?

**सत्य-असत्य लिखिए-**

1. गोपियाँ कृष्ण द्वारा चुराए गए अपने मन को वापस माँग रही हैं।
2. अच्छे लोग परहित के लिए दौड़े चले आते हैं ।
3. उद्धव का संदेश गोपियों को गुड़ की तरह मीठा लगा।
4. योग संदेश सुनकर गोपियों की विरह अग्नि बढ़ रही है।
5. राजा का धर्म है कि प्रजा को न सताए ।
6. शिव धनुष राम ने तोड़ा।
7. कुछ क्षत्रिय राजाओं को हराकर परशुराम, राम-लक्ष्मण को हराने के सपने देख रहे थे।
8. वीर व्यक्ति अपनी प्रशंसा स्वयं करते हैं।
9. शिव धनुष को खंडित देखकर परशुराम क्रोधित हो उठे।
10. परशुराम के फरसे को देखकर लक्ष्मण भयभीत हो गए।
11. जयशंकर प्रसाद का जन्म वाराणसी में हुआ।
12. 'आत्मकथ्य कविता पहली बार 1932 में हंस पत्रिका के आत्मकथा विशेषांक में प्रकाशित हुई थी।
13. जयशंकर प्रसाद मौन रहकर औरों की कथा सुनने के इच्छुक थे।
14. कवि जयशंकर प्रसाद अपने जीवन के निजी अनुभवों को सबसे बांटना चाहते हैं।
15. कवि प्रसाद ने अपने मन को भँवरे का रूप दिया है।
16. 'अट नहीं रही' कविता फागुन की मादकता को प्रकट करती है।
17. छायावादी कवियों में निराला ने सबसे पहले मुक्तक छन्द का प्रयोग किया।
18. निराला पूंजीवाद के समर्थक तथा पोषक थे।
19. निराला को आधुनिक कवि भी कहा जाता है।
20. निराला प्रगतिवादी कवि हैं।

**लघु उत्तरीय प्रश्न** **(02अंक)**

1. पद्य साहित्य से आप क्या समझते हैं? लिखिए।
2. हिन्दी पद्य साहित्य को कितने कालों में बाँटा गया है ?नाम लिखते हुए समयावधि भी लिखिए ।
3. रीतिकाल को श्रृंगार काल क्यों कहा गया है? लिखिए।
4. रीतिकालीन दो कवियों के नाम एवं प्रत्येक की एक-एक रचना लिखिए।
5. प्रयोगवाद की कोई दो विशेषताएँ/ प्रवृत्तियाँ लिखिए।
6. प्रयोगवादी दो कवियों के नाम एवं प्रत्येक की एक-एक रचना का नाम लिखिए।
7. प्रगतिवादी दो कवियों के नाम एवं प्रत्येक की एक -एक रचना का नाम लिखिए।
8. प्रगतिवाद की कोई दो विशेषताएँ/प्रवृत्तियाँ लिखिए।
9. नई कविता की कोई दो विशेषताएँ/प्रवृत्तियाँ लिखिए।
10. नई कविता के दो कवि एवं उनकी एक-एक रचना का नाम लिखिए।
11. सूरदास की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए।
12. सूरदास के साहित्य का भावपक्ष लिखते हुए 2 रचनाओं के नाम लिखिए।

13. महाकवि सूरदास का साहित्य में स्थान निर्धारित कीजिए।
14. गोस्वामी तुलसीदास की दो रचनाओं के नाम एवं काव्यगत विशेषताएँ लिखिए।
15. गोस्वामी तुलसीदास के काव्य का भावपक्ष एवं हिन्दी साहित्य में उनका स्थान लिखिए।
16. जयशंकर प्रसाद की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए।
17. जयशंकर प्रसाद के काव्य का भावपक्ष स्पष्ट कीजिए।
18. आधुनिक हिन्दी साहित्य में जयशंकर प्रसाद का क्या स्थान है ?
19. निराला के काव्य का भावपक्ष एवं कलापक्ष लिखिए।
20. निराला की दो रचनाएँ एवं हिन्दी साहित्य में उनका स्थान स्पष्ट कीजिए।
21. कवि नागार्जुन की दो रचनाएँ एवं हिन्दी साहित्य में उनका स्थान लिखिए ।
22. कवि नागार्जुन के काव्य का भावपक्ष लिखिए ।
23. गोपियों द्वारा उद्धव को भाग्यवान कहने में क्या व्यंग्य निहित है ?
24. उद्धव के व्यवहार की तुलना किस-किस से की गई है ?
25. गोपियों ने किन-किन उदाहरणों के माध्यम से उद्धव को उलाहने दिए है ?
26. उद्धव द्वारा दिए गए योग के संदेश ने गोपियों की विरहाग्नि में घी का काम कैसे किया ?
27. 'मरजादा न लही के माध्यम से कौन सी मर्यादा न रहने की बात की जा रही है ?
28. कृष्ण के प्रति अपने अनन्य प्रेम को गोपियों ने किस प्रकार अभिव्यक्त किया है ?
29. गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या होना चाहिए ?
30. परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने के लिए कौन-कौन से तर्क दिए ?
31. लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या-क्या विशेषताएँ बताई ?
32. अवधी भाषा आज किन-किन क्षेत्रों में बोली जाती है ?
33. कवि जयशंकर प्रसाद आत्मकथा लिखने से क्यों बचना चाहते थे ?
34. आत्मकथा सुनाने के संदर्भ में अभी समय भी नहीं कवि ऐसा क्यों कहता है ?
35. स्मृति को 'पाथेय' बनाने से कवि प्रसाद जी का क्या आशय है ?
36. निराला बादल से फुहार, रिमझिम या बरसने के स्थान पर गरजने के
37. कविता का शीर्षक 'उत्साह' क्यों रखा गया है?
38. 'उत्साह' कविता में बादल किन-किन अर्थों की ओर संकेत करता है ?
39. कवि निराला की आँख फागुन की सुंदरता से क्यों नहीं हट रही है ?
40. फागुन में ऐसा क्या होता है जो बाकी ऋतुओं से भिन्न होता है ?
41. बच्चे की दंतुरित मुस्कान का कवि नागार्जुन के मन पर क्या प्रभाव पड़ता है ?
42. बच्चे की मुस्कान और एक बड़े व्यक्ति की मुस्कान में क्या अंतर है ?
43. कवि नागार्जुन के अनुसार फसल क्या है ?
44. फसल को हाथों के स्पर्श की गरिमा और महिमा कहकर कवि क्या व्यक्त करना चाहता है ?
45. कवि नागार्जुन ने फसल को हजार हजार खेतों की मिट्टी का गुणधर्म क्यों कहा है ?

**भावार्थ:-**

**निम्नलिखित पद्यांशों का संदर्भ-प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए-** **(03 अंक)**

1. ऊधौ, तुम हौं अति बड़भागी।
अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी।
पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी।
ज्यौं जल माँह तेल की गागरि, बूँद न ताकौं लागी।
प्रीति नदी मैं पाँऊ न बोरयौ, दृष्टि न रूप परागी।
सूरदास अबला हम भोरी, गुर चोंटी ज्यौं पागी।।

2. हमारे हरि हारिल की लकरी।
मन क्रम बचन नंद नंदन उर, यह दृढ़ करि पकरी।
जागत सोवत स्वप्न दिवस निसि, कान्ह कान्ह जकरी।
सुनत जोग लागत है ऐसों, ज्यौं कुरुई ककरी।
सु तौ ब्याही हमको लै आए. देखी सुनी न करी।
यह तो सूर तिनहिं लै सौपों जिनके मन चकरी।

3. नाथ संभुधनु भंजनिहारा, होइहि केउ एक दास तुम्हारा ।।
आयिसु काह कहिअ किन मोही, सुनि रिसाई बोले मुनि कोही ।।
सेवकु सो जो करै सेवकाई, अरिकरनी करि करिअ लराई ।।
सुनहु राम जोहि सिवधनु तोरा, सहसबाहु सम से रिपु मोरा ।।

4. मधुप गुन-गुना कर कह जाता कौन कहानी यह अपनी,
मुरझाकर गिररही पत्तियों देखो कितनी आज घनी।
इस गंभीर अनंत-नीलिमा में असंख्य जीवन-इतिहास,
यह लो, करते ही रहते हैं अपना व्यंग्य-मलनि उपहास।

5. बादल, गरजो!
घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ!
ललित ललित, काले घुँघराले,
बाल कल्पना के से पालि,
वज छिपा, नूतन कविता,
फिर भर दो-
बादल, गरजो!

6. बादल, गरजो!
विकल विकल, उन्मन थे उन्मन
विश्व के निदाघ के सकल जन,
आए अज्ञात दिशा से अनंत के घन !
तप्त धरा, जल से फिर
शीतल कर दो -
बादल, गरजो!

7. तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान
धन्य तुम, माँ भी तुम्हारी धन्य !
चिर प्रवासी मैं इतर.मैं अन्य!
इस अतिथि से प्रिय तुम्हारा क्या रहा संपर्क
उँगलियाँ माँ की कराती हैं मधुपर्क

8 . एक के नहीं,
दो के नहीं,
ढेर सारी नदियों के पानी का जादूः
एक के नहीं,
दो के नहिं
लाख-लाख कोटि-कोटि हाथों के स्पर्श की गरिमाः
एक की नहीं,
दो के नहीं,
हज़ार-हज़ार खेतों की मिट्टी का गुण धर्मः

9. अट नहीं रहीं है,
आभा फागुन की तन
सट नहीं रहीं है ।

10 . कहीं साँस लेते हो,
घर-घर भर देते हो
उड़ने को नभ में तुम
पर-पर कर देते हो
आँख हटाता हूँ तो
हट नहीं रही है ।

---------xxxx------

## इकाई – 2

## काव्य – बोध

| क्र | इकाई एवम् विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| इकाई 2 | **काव्य बोध**<br>1. काव्य की परिभाषा एवं भेद (प्रबन्ध काव्य के भेद)<br>2. रस: अंग एवं प्रकार उदाहरण सहित<br>3. छन्द : दोहा एवं चौपाई<br>4. अलंकार : मानवीकरण ,पुनरुक्ति प्रकाश, अतिशयोक्ति, अन्योक्ति अलंकार | 10 | 06 | 02 | --- | --- | --- | 02 |

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न** **(01 अंक)**

**सही विकल्प चुनकर लिखिए –**

1. 'रसात्मकं वाक्यं काव्यं' परिभाषा किस आचार्य की है?
   अ. आचार्य जगन्नाथ ब. आचार्य मम्मट
   स. आचार्य विश्वनाथ द. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
2. काव्य के भेद होते हैं –
   अ. एक ब. दो स. तीन द. चार
3. किस काव्य के छन्द एक कथा के धागे में माला की तरह गुथे होते है?
   अ. मुक्तक काव्य ब. प्रबंध काव्य स. श्रव्य काव्य द. दृश्यकाव्य
4. ‘आलंम्बन’ और उद्दीपन का संबंध है –
   अ. स्थायी भाव से ब. संचारी भाव से स. विभाव से द. अनुभाव से
5. संचारी भावों की संख्या है-
   अ. 32 ब. 33 स. 34 द. 35
6. जुगुप्सा किस रस का स्थायी भाव है –
   अ. अद्‌भुत ब. वीभत्स स. रौद्र द. भयानक
7. लय, तुक, यति, गति, मात्रा एवं चरण से युक्त रचना को कहते हैं-
   अ. रस ब. छन्द स. अलंकार द. इसमें से कोई नहीं
8. काव्य की शोभा बढ़ाने वाले कारक को कहते हैं-
   अ.रस ब. छन्द स. अलंकार द. उपर्युक्त में से कोई नहीं

9. ‘दोहा’ छन्द के द्वितीय और चतुर्थ चरण में मात्राएँ होती हैं –
   अ. 13-13 ब. 11 -11 स 12-12 द. 16-11

**रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए -**

1. नायक के जीवन की किसी एक घटना अथवा हृदयस्पर्शी अंश का पूर्णता के साथ अंकन .................... काव्य में किया जाता है। (महाकाव्य / खण्ड काव्य)
2. अभिनय तत्व की प्रधानता .................... काव्य में होती है। (दृश्यकाव्य / श्रव्यकाव्य)
3. काव्य में रस का अर्थ .................... स्वीकार किया गया है। (आनंद / अलंकार)
4. नायक - नायिका के संयोग या वियोग का वर्णन .................... रस में होता है। (हास / शृंगार)
5. कविता के रचना विधान को .................... कहते है। (छन्द / रस)
6. चौपाई के प्रत्येक चरण में .................... मात्राएँ होती है। (16-16 /24-24)
7. छन्द .................... प्रकार के होते हैं। (आठ / दो)
8. जहाँ लोक की मर्यादा को पार करके किसी वस्तु का अत्यंत बढ़ा चढ़ाकर वर्णन किया जाता है वहाँ .................... अलंकार होता है। (अन्योक्ति / अतिशयोक्ति)
9. वीर रस का स्थाई भाव .................... है। (उत्साह / क्रोध)
10. ''बार-बार मोहि लागि बोलाबा'' पक्ति में अलंकार है। (पुनरूक्तिप्रकाश / उपमा)

**सही जोड़ी बनाकर लिखिए -**

**i**

| | **अ** | | | **ब** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कामायनी | - | क. | छन्द |
| 2. | दोहा | - | ख. | खण्ड काव्य |
| 3. | सुदामाचरित्र | - | ग. | महाकाव्य |
| 4. | नाटक | - | घ. | निर्वेद |
| 5. | शांत रस | - | ड. | दृश्यकाव्य |

**ii**

| | **अ** | | | **ब** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | काव्य की आत्मा | - | क. | मात्रिक छन्द |
| 2. | छन्द के प्रकार | - | ख. | रस |
| 3. | चौपाई | - | ग. | दो |
| 4. | तीन वर्णो का मेल | - | घ. | शृंगार परक |
| 5. | बिहारी सतसई | - | ड. | गण |

**iii.**

| | **अ** | | | **ब** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अलंकार | - | क. | अन्योक्ति |
| 2. | जहाँ अप्रस्तुत कथन से प्रस्तुत का बोध हो | - | ख. | मानवीकरण |
| 3. | प्रकृति में मानवीय क्रियाओं का आरोपण | - | ग. | आभूषण |
| 4. | लोक मर्यादा की सीमा लाँघ कर वर्णन | - | घ. | पुररूक्ति प्रकाश |
| 5. | जहाँ एक ही शब्द दो बार आए और उसका अर्थ भी न बदले | - | ड. | अतिश्योक्ति |

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए –**

1. किस काव्य में पूर्वापर संबंध नहीं होता है?
2. रामचरितमानस का प्रमुख छन्द कौन सा है?
3. मुख्य रूप से स्थाई भावों की संख्या कितनी है?
4. 'बतरस लालच लाल की' पक्ति में कौन सा रस है?
5. अर्द्ध–सम मात्रिक छन्द क्या है?
6. 'पड़ी अचानक नदी अपार, घोड़ा कैसे उतरे पार
   राणा ने सोचा इस पार, तब तक चेतक था उस पार
   इन पक्तियों में कौन सा अलंकार है?
7. 'गणों' की कुल संख्या लिखिए।
8. 16–16 मात्राओं का चरण किस छन्द में होता है?
9. 'साकेत' एवं 'पंचवटी' रचनाओं के रचनाकार का नाम लिखिए।
10. मात्राओं की संख्या पर आधारित छन्द क्या कहलाते हैं?
11. जिन कारणों से स्थायी-भाव तीव्र होते है उन्हें क्या कहते हैं ?

**सत्य / असत्य कथन लिखिए –**

1. रामचरितमानस महाकाव्य है।
2. दृश्य-काव्य में अभिनय तत्व प्रधान होता है।
3. मात्रिक छन्द में मात्राओं की गिनती निश्चित रहती है।
4. वार्णिक छन्द में गण का बहुत महत्व है।
5. रस के सात अंग है।
6. जहाँ अलौकिक आश्चर्य का भाव उत्पन्न हो वहॉ वीभत्स रस होता है।
7. कबीर–तुलसी वृंद रहीम आदि कवियों के भक्ति और नीति परक दोहे पाठ्य पुस्तक के अंतर्गत आते हैं।
8. अन्योक्ति अलंकार में लोकसीमा को पार करके बढ़ा चढ़ाकर वर्णन होता है।
9. 'बन–ठन के आये, काले–काले मेघ में पुनरूक्ति प्रकाश अलंकार का उदाहरण है।

**अति लघुउत्तरीय/ लघुउत्तरीय प्रश्न** **(02 अंक)**

1. काव्य की परिभाषा लिखिए।
2. महाकाव्य किसे कहते हैं ?
3. दो खण्डकाव्यों के नाम लिखिए।
4. रस के अंगों के नाम लिखिए।
5. 'छन्द' के कितने भेद हैं ?
6. 'विभाव' किसे कहते हैं ? यह कितने प्रकार के होते हैं ?
7. 'चौपाई' छन्द का उदाहरण लिखिए।
8. अतिश्योक्ति अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
9. अलंकार किसे कहते हैं ?
10. हिन्दी के दो प्रसिद्ध महाकाव्यों के नाम लिखिए।
11. वीर रस और रौद्र रस के स्थायी भाव लिखिए।

12. 'वात्सल्य' रस की परिभाषा लिखिए।
13. प्रबंध काव्य के भेद लिखिए।
14. महाकाव्य एवं खण्ड काव्य में अंतर लिखिए।
15. अन्योक्ति अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए ।
16. दसवां रस किसे माना गया है? उदाहरण सहित लिखिए।
17. 'यमाताराजभानसलगा' यह सूत्र किसके लिए और क्यों प्रयुक्त होता है?
18. 'मानवीकरण' अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
19. विभाव और अनुभाव में अंतर लिखिए।
20. तीन महाकाव्यों के नाम रचनाकार सहित लिखिए।
21. चौपाई छन्द के लक्षण उदाहरण सहित लिखिए।
22. 'स्थायी भाव' किसे कहते हैं और यह कहाँ विद्यमान रहते हैं?
23. काव्य के प्रमुख भेद लिखिए।
24. काव्य किसे कहते हैं? काव्य के प्रमुख भेदों को समझाइए।
25. 'महाकाव्य' के प्रमुख लक्षण लिखिए एवं एक महाकाव्य का नाम रचनाकार सहित लिखिए।
26. 'खण्डकाव्य' को खण्डकाव्य क्यों कहते है? परिभाषित करते हुए खण्डकाव्य के उदाहरण लिखिए।
27. प्रबंध काव्य और मुक्तक काव्य में अंतर लिखिए।
28. 'रस' किस कहते हैं? आचार्य जगन्नाथ के अनुसार रस की परिभाषा लिखिए।
29. रस के प्रमुख अंगों का वर्णन उदाहरण देकर कीजिए।
30. पुनरूक्ति प्रकाश अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
31. अलंकार की परिभाषा एवं भेद लिखिए।
32. आख्यानक गीतियाँ किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए।
33. छन्द की परिभाषा लिखिए ।
34. दोहा छन्द का उदाहरण लिखिए ।
35. दोहा छन्द की परिभाषा लिखिए ।

**विशेष टीप – रस,छन्द अलंकार एवं काव्य भेद आधारित अन्य उदाहरणों का अभ्यास भी शिक्षक द्वारा कराया जाए ।**

# इकाई – 3
# क्षितिज भाग-2 गद्य खण्ड

| क्र | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| इकाई 3 | **क्षितिज भाग 2, गद्य खण्ड**<br>• गदय की प्रमुख एवं गौण विधाएँ<br>• लेखक परिचय<br>• व्याख्या (सन्दर्भ, प्रसंग, व्याख्या, विशेष)<br>• विषयवस्तु एवं विचार बोध पर आधारित प्रश्न | 17 | 06 | 04 | 01 | --- | --- | 05 |

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

(01 अंक)

**सही विकल्प चुनकर लिखिए –**

1 "नेता जी का चश्मा" पाठ की विधा है –
(अ) एकांकी (ब) निबन्ध
(स) व्यंग्य (द) कहानी

2 'स्वयं प्रकाश' जी का जन्म हुआ था –
(अ) मध्यप्रदेश में (ब) राजस्थान में
(स) गुजरात में (द) उत्तरप्रदेश में

3 स्वयं प्रकाश जी ने पत्रिका का संपादन किया –
(अ) सरस्वती का (ब) वसुधा का
(स) कादम्बिनी का (द) जनवाणी का

4 'कैप्टन' नाम था –
(अ) पान वाले का (ब) सैनिक का
(स) हालदार साहब का (द) चश्मे वाले का

5 'नेता जी का चश्मा' कहानी का मूलभाव है–
(अ) शिक्षा का विकास (ब) समाजसुधार
(स) प्रेम सम्बन्ध (द) देश भक्ति की भावना

6 कस्बे के चौराहे पर प्रतिमा लगी थी –
(अ) महात्मा गांधी की (ब) भीमराव अम्बेडकर की
(स) सरदार पटेल की (द) सुभाषचन्द्र बोस की

7 नेता जी की मूर्ति लगवाई गई थी -
(अ) वन विभाग द्वारा (ब) नगरपालिका द्वारा
(स) नगरनिगम द्वारा (द) शिक्षा विभाग द्वारा

8 'कलम का जादूगर' कहा जाता है -
(अ) स्वंय प्रकाश जी को (ब) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना जी को
(स) मन्नू भंडारी को (द) रामवृक्ष बेनीपुरी जी को

9 'बालगोविन भगत' पाठ की विधा है -
(अ) जीवनी (ब) आत्मकथा
(स) रेखाचित्र (द) संस्मरण

10 बालगोबिन भगत थे -
(अ) साधु (ब) गृहस्थ
(स) साहब (द) पुजारी

11 बालगोबिन भगत जी पद गाते थे -
(अ) कबीर के (ब) सूरदास के
(स) मीरा के (द) तुलसीदास के

12 बालगोबिन भगत पाठ प्रहार करता है -
(अ) कुरीतियों पर (ब) दहेज लोभियों पर
(स) शिक्षा पर (द) राजनीति पर

13 बालगोविन भगत गाते समय बजाते थे -
(अ) ढोलक (ब) तबला
(स) मंजीरा (द) खंजड़ी

14 सच्चे साधु की पहचान होती है -

(अ) पहनावे से (ब) भाषा से
(स) ईश्वर भक्ति से (द) उसके विचारों से

15 'झूठा सच' उपन्यास के लेखक है-
(अ) यशपाल (ब) मन्नू भंडारी
(स) रामबृक्ष बेनीपुरी (द) स्वयं प्रकाश

16 'लखनवी अंदाज़' पाठ की विधा है-
(अ) कहानी (ब) निबन्ध
(स) व्यंग्य (द) रेखाचित्र

17 नवाबों के शौक के लिए प्रसिद्ध है-
(अ) दिल्ली (ब) लखनऊ
(स) हैदराबाद (द) भोपाल

18 मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले में जन्म हुआ था -
(अ) स्वयंप्रकाश का (ब) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना का
(स) यशपाल का (द) मन्नू भण्डारी का

19 'आपका बंटी' उपन्यास लिखा है -
(अ) मन्नू भंडारी ने (ब) रामवृक्ष बेनीपरी ने
(स) यतीन्द्र मिश्र ने (द) महावीर प्रसाद द्विवेदी ने

20 'आत्मकथा' विधा में लिखा गया पाठ है -
(अ) नौबतखाने में इबादत (ब) लखनवी अंदाज
(स) बालगोबिन भगत (द) एक कहानी यह भी

21 मन्नू भंडारी के किस व्यवहार से तंग आकर प्रिंसिपल ने उनके पिता को बुलाया?
(अ) अशिष्ट (ब) विनम्र
(स) दुष्ट (द) आंदोलनकारी

22 जैनेन्द्र का कौन सा उपन्यास मन्नू भण्डारी को पसंद था?
(अ) सुनीता (ब) परख
(स) त्याग-पत्र (द) भाभी

23 उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ के लिए प्रसिद्ध थे -

(अ) सितार वादन के लिए (ब) शहनाई वादन के लिए
(स) तबला वादन के लिए (द) बांसुरी वादन के लिए

24 बिस्मिल्ला खाँ का दूसरा नाम था -
(अ) अमीरूद्दीन (ब) अलीवख्श
(स) मिट्ठन (द) हुसैन खाँ

25 भदंत आनंद कौसल्यायन विशेष प्रभावित थे -
(अ) नेहरू जी से (ब) गांधी जी से
(स) अम्बेडकर जी से (द) सरदार पटेल से

26 गद्य की विधा नहीं है -

(अ) महाकाव्य (ब) कहानी
(स) नाटक (द) एकांकी

27 उपन्यास सम्राट हैं -
(अ) जयशंकर प्रसाद (ब) प्रेमचन्द
(स) यशपाल (द) मन्नू भण्डारी

28 'यदि गद्य कवियों की कसौटी है तो निबन्ध गद्य की कसौटी है' यह कथन है -
(अ) मन्नू भंडारी का (ब) प्रेमचन्द्र का
(स) नंद दुलारे बाजपेयी का (द) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का

**रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए –**

1 लय, ताल, छन्द  से आदि से मुक्त रचना..............कहलाती है । (पद्य / गद्य)

2 एक अंक वाली रचना..............कहलाती है । (एकांकी / कहानी)

3 .. .. .. .. में लेखक अपने ही जीवन-वृत्त को प्रस्तुत करता है (जीवनी/आत्मकथा)

4 प्रेमचन्द..............हैं । (कवि / कथाकार)

5 जीवनी..............की लिखी जाती है । (स्वयं /महापुरूष)

6 प्रतिमा बनाने वाले का नाम..............था । (श्यामलाल / मोतीलाल)

7 प्रतिमा पर सरकंडे का चश्मा..............ने लगाया था ।(दुकानदार ने /बच्चों ने)

8 प्रतिमा का चश्मा..............बदल देता था । (पानवाला /कैप्टन)

9 नेताजी की मूर्ति..............कपड़ों में थी । (खादी / फौजी)

10 'दिल्ली चलो' का नारा..............ने दिया था । (नेता जी/ कैप्टन)

11 आषाढ़ की रिमझिम है । समूचा गाँव..............में उतर पड़ा । (नदियों/खेतों)

12 बालगोबिन भगत की मौत उन्हीं के..............हुई । (अनुरूप /विपरीत)

13 बालगोबिन भगत पाठ..............विधा का है । (रेखाचित्र / संस्मरण)

14 बालगोबिन भगत की सब चीज..............की थी । (स्वयं/साहब)

15 कबीर के पद उनके कंठ से निकलकर..............हो उठते । (निर्जीव/सजीव)

16 तेरी गठरी में लागा..............मुसाफिर जाग जरा । (जोर /चोर)

17 नबाब साहब ने खीरे की..............फाकों को बाहर फेंक दिया । (सब/दो)

18 नवाब साहब ने संगति के लिए..............नहीं दिखाया । (सम्मान/उत्साह)

19 हम..............से नवाब साहब की ओर देख रहे थे । (कनखियों/खिड़कियों)

20 मन्नू भंडारी का जन्म मध्यप्रदेश के..............गाँव में हुआ । (रामपुरा / भानपुरा)

21 मन्नू भंडारी की बड़ी बहन का नाम..............था । (सुशीला/विनीता)

22 शीला अग्रवाल..............की प्राध्यापिका थी । (हिन्दी/संस्कृत)

23 पिताजी के चेहरे का संतोष धीरे-धीरे..............में बदलता जा रहा था । (गुस्से/गर्व)

24 विस्मिल्ला खाँ का जन्म बिहार के..............गाँव में हुआ था । (नौनहां राजगीर/डुमरांव)

25 पंचगंगा घाट..............में स्थित है । (काशी/प्रयाग)

26 बिस्मिल्ला खाँ............मंदिर में प्रतिदिन शहनाई बजाते थे।(विश्वनाथ/बालाजी)

27 काशी शास्त्रों में..............के नाम से प्रतिष्ठित है । (आनंदकानन/वाराणसी)

28 गुरूत्वाकर्षण का अविष्कार..............ने किया था । (राबर्ट हुक/न्युटन)

29 अपनी योग्यता प्रवृत्ति या प्रेरणा से अविष्कार करने वाला..............मानव होता है । (सभ्य/संस्कृत)

30 मानव संस्कृति एक..............वस्तु है । (विभाज्य /अविभाज्य)

**सही जोड़ी बनाकर लिखिए -**

| | | |
|---|---|---|
| i | **अ** | **ब** |
| | 1. कैप्टन चश्मे वाला<br>2. बालगोबिन भगत<br>3. मोतीलाल<br>4. बालम खीरा<br>5. मन्नू भंडारी<br>6. आनंद कानन | i. महाभोज<br>ii. काशी<br>iii. प्रतिमा पर चश्मा<br>iv. कबीर पंथ<br>v. ड्राइंग मास्टर<br>vi. लखनऊ |
| ii | **अ** | **ब** |
| | 1. लखनबी अंदाज<br>2. एक कहानी यह भी<br>3. नौबतखाने में इबादत<br>4. संस्कृति<br>5. बालगोबिन भगत<br>6. नेताजी का चश्मा | i. स्वयं प्रकाश<br>ii. रामवृक्ष बेनीपुरी<br>iii. यशपाल<br>iv. मन्नू भंडारी<br>v. यतीन्द्र मिश्र<br>vi. भदंत आनंद कौसल्यायन |
| iii | **अ** | **ब** |
| | 1. सूरज कब निकलेगा<br>2. माटी की मूरतें<br>3. दादा कामरेड<br>4. एक प्लेट सैलाब<br>5. यदा-कदा<br>6. रेल का टिकट | **i.** यशपाल<br>**ii.** यतीन्द्र मिश्र<br>**iii.** भदंत आनंद कौसल्यायन<br>**iv.** स्वयं प्रकाश<br>**v.** रामवृक्ष बेनीपुरी<br>vi. मन्नू भंडारी |

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए -**

1 रिपोर्ताज किस भाषा का शब्द है?
2 हिन्दी गद्य की सर्वाधिक लोकप्रिय विधा कौन-सी है?
3 आधुनिक हिन्दी गद्य का विकास किस युग से प्रारंभ हुआ?
4 जीवनी किसकी लिखी जाती है?
5 उपन्यास सम्राट किन्हें कहा जाता है?
6 एकांकी में कितने अंक होते हैं?
7 प्रतिमा पर सरकंडे का चश्मा किसने लगाया था?
8 कम्पनी के काम के सिलसिले में कस्बे से कौन गुजरता था?
9 नेताजी की मूर्ति किससे बनी थी?
10 दिल्ली चलों नारा किसने दिया था?
11 बालगोबिन भगत सिर पर क्या पहनते थे?
12 'कलम का जादूगर' किसे कहा जाता है?
13 बालगोबिन भगत कबीर को क्या मानते थे?
14 भादों के महिने में कैसा मौसम होता है?
15 कबीर के गीतों को कौन गाता था?

16 बालगोबिन भगत की प्रभातियाँ किस माह से शुरू होती थी?
17 भारत विभाजन की त्रासदी का मार्मिक दस्तावेज कौन सा उपन्यास है?
18 नेशनल कॉलेज में यशपाल जी का किससे परिचय हुआ था?
19 खीरे किसके पास थे?
20 लखनऊ का कौन-सा खीरा प्रसिद्ध हैं?
21 नबाब साहब ने खीरे की फांकों का क्या किया?
22 मन्नू भंडारी का विवाह किससे हुआ?
23 मन्नू भंडारी के पिता रसोई को क्या कहते थे?
24 अजमेर आने से पहले मन्नू भंडारी के पिताजी कहाँ रहते थे?
25 शताब्दी की सबसे बड़ी उपलब्धि क्या थी?
26 शास्त्रों में काशी किस नाम से प्रतिष्ठित हैं?
27 बिस्मिल्ला खाँ को किस सर्वश्रेष्ठ सम्मान से सम्मानित किया गया?
28 काशी किसकी पाठशाला है?
29 बिस्मिल्ला खाँ की माँ का नाम क्या था?
30 हरनामदास किसके बचपन का नाम था?
31 संस्कृति पाठ किस विधा का है?
32 सभ्यता किसका परिणाम है?
33 आग के आविष्कार के पीछे क्या प्रेरणा रही होगी?
34 मानव संस्कृति किस प्रकार की वस्तु है?

**सत्य /असत्य लिखिए-**

1 नाटक गद्य की विधा नहीं है ।
2 उपन्यास में कई कथाओं का समावेश होता है ।
3 नाटक में एक अंक होता है ।
4 यदि गद्य कवियों की कसौटी है तो निबन्ध गद्य की कसौटी है ।
5 एक अंक वाली रचना कहानी कहलाती है ।
6 कैप्टन चश्मे वाला आजाद हिन्द फौज का सिपाही था ।
7 नेताजी की मूर्ति संगमरमर की थी ।
8 नेताजी की मूर्ति दो फुट ऊँची थी ।
9 मूर्ति नगरपालिका ने लगवाई थी ।
10 मूर्तिकार मोतीलाल अध्यापक थे ।
11 बालगोबिन भगत कबीर को साहब मानते थे ।
12 भादों की अधरतियों में भगत गीत नहीं गाते थे ।
13 बालगोबिन भगत हर वर्ष गंगा नहाने जाते थे ।
14 बालगोबिन भगत के दो बेटे थे ।
15 बालगोबिन भगत साधु थे ।
16 नवाब साहब ने संगति के लिए उत्साह दिखाया ।
17 नवाब साहब खीरे खाकर सो गए ।
18 नवाब साहब के पास चार खीरे थे ।
19 लखनऊ का बालमखीरा प्रसिद्ध है ।
20 लखनऊ को नवाबो का शहर कहा जाता है ।
21 मन्नू भंडारी 6 भाई-बहिनों में सबसे बड़ी हैं।
22 शीला अग्रवाल संस्कृत की प्राध्यापिका थीं ।

23 मन्नू भंडारी की अपने पिता से वैचारिक टकराहट थी ।
24 मन्नू भंडारी मूलतः एक कहानीकार हैं ।
25 अमीरूद्दीन और विस्मिल्ला खा एक ही व्यक्ति के नाम हैं ।
26 शहनाई स्वर-वाद्य यंत्र है ।
27 काशी संस्कृति की पाठशाला है ।
28 काशी में मरण भी मंगल माना गया है ।
29 बिस्मिल्ला खाँ की श्रद्धा काशी विश्वनाथ जी के प्रति अपार थी ।
30 सभ्यता संस्कृति का परिणाम है ।
31 मानव संस्कृति एक अविभाज्य वस्तु है ।
32 एक संस्कृत व्यक्ति किसी नयी चीज की खोज करता है ।
33 सभ्यता और संस्कृति एक ही बस्तु है ।

**लघुउत्तरीय प्रश्न** **(02अंक)**

1 आत्मकथा और जीवनी में दो अंतर लिखिए ।
2 कहानी और उपन्यास में दो अंतर लिखिए ।
3 नाटक और एकांकी में दो अंतर लिखिए ।
4 रेखाचित्र और संस्मरण में दो अंतर लिखिए ।
5 गद्य किसे कहते हैं?
6 हिन्दी साहित्य में गद्य के विकास का काल विभाजन लिखिए ।
7 निबन्ध किसे कहते हैं?
8 हिन्दी साहित्य के दो निबन्धकारों के नाम और उनकी रचनाएँ लिखिए ।
9 हिन्दी में उपन्यास सम्राट किसे कहते हैं? उनके दो उपन्यासों के नाम लिखिए ।
10 हिन्दी गद्य की प्रमुख विधाओं एवं गौण विधाओं के नाम लिखिए ।
11 हिन्दी के प्रमुख दो रेखाचित्र लेखकों एवं उनकी एक-एक रचना के नाम लिखिए।
12 रिपोर्ताज किसे कहते हैं?
13 रामवृक्ष बेनीपुरी की भाषा-शैली एवं दो रचनाओं के नाम लिखिए ।
14 यशपाल की भाषा-शैली एवं दो रचनाओं के नाम लिखिए ।
15 स्वयंप्रकाश की भाषा-शैली एवं दो रचनाओं के नाम लिखिए ।
16 मन्नू भंडारी की भाषा-शैली एवं दो रचनाओं के नाम लिखिए ।
17 स्वयंप्रकाश, यतीन्द्र मिश्र एवं भदन्त आनंद कौसल्यायन की दो-दो रचनाओं के नाम लिखिए
18 सेनानी न होते हुए भी चश्मेवाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे?
19 कैप्टन बार-बार मूर्ति पर चश्मा क्यों लगा देता था?
20 मूर्ति पर लगा सरकंडे का चश्मा क्या उम्मीद जगाता है?
21 पानवाले का एक रेखाचित्र प्रस्तुत कीजिए ।
22 भगत की पुत्रवधु उन्हें अकेला क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी?
23 बालगोबिन भगत के व्यक्तित्व और उनकी वेशभूषा का अपने शब्दों में चित्र प्रस्तुत कीजिए ।
24 भगत ने अपने बेटे की मृत्यु पर अपनी भावनाएँ किस तरह व्यक्त की?लिखिए।
25 मोह और प्रेम में अन्तर होता है । बालगोबिन भगत के जीवन की किस घटना के आधार पर इस कथन का सच सिद्ध करेगें?
26 लेखक को नवाब साहब के किन हाव-भावों से महसूस हुआ कि वे उनसे बातचीत करने के लिए तनिक भी उत्सुक नहीं है?
27 नबाब साहब ने खीरा सूँघकर ही खिड़की से बाहर फेंक दिया । उन्होंने ऐसा क्यों किया होगा?
28 'लखनवी अंदाज' कहानी को आप और क्या नाम दे सकते हैं? लिखिए ।

29 इस आत्मकथा में लेखिका के पिता ने रसोई को 'भटियारखाना' कहकर क्यों संबोधित किया है?

30 वह कौन सी घटना थी जिसके बारे में सुनने पर लेखिका को न अपनी आँखों पर विश्वास हो पाया और न अपने कानों पर?

31 मन्नू भंडारी के पिता का स्वभाव शक्की क्यों हो गया था?

32 सन् 1947 में मन्नू भंडारी को कौन सी सर्वाधिक महत्वपूर्ण खुशी प्राप्त हुई?

33 शहनाई की दुनिया में डुमराँव को क्यों याद किया जाता है?

34 बिस्मिल्ला खाँ को शहनाई की मंगल ध्वनि का नायक क्यों कहा गया है?

35 सुषिर बाद्यों से क्या अभिप्राय है?

36 शहनाई को 'सुषिर-वाद्यों' में शाह की उपाधि क्यों दी गई है?

37 'फटा सुर न बख्शें! लुंगिया का क्या है आज फटी है तो कल सी जाएगी।कथन का आशय स्पष्ट कीजिए

38 काशी में हो रहे कौन से परिवर्तन बिस्मिल्ला खाँ को व्यथित करते थे?

39 बिस्मिल्ला खाँ मिली-जुली संस्कृति के प्रतीक थे । पाठ में आए प्रसंगों के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

40 उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ की काशी विश्वनाथ जी के प्रति अपार श्रद्धा थी, स्पष्ट कीजिए ।

41 शहनाई बजाने के लिए किसका प्रयोग होता है ?वह कैसा होता है ?

42 लेखक की दृष्टि में सभ्यता और संस्कृति की सही समझ अब तक क्यों नहीं बन पाई है?

43 वास्तविक अर्थो में संस्कृत व्यक्ति किसे कहा जा सकता है?

44 संस्कृत मानव और सभ्य मानव में क्या अंतर होता है? लिखिए ।

**गद्यांश की संदर्श ,प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए-** **(03 अंक )**

(1) बार-बार सोचते, क्या होगा उस कौम का जो अपने देश की खातिर घर-गृहस्थी-जवानी-जिंदगी सब कुछ होम देने वालों पर भी हँसती है और अपने लिए बिकने के मौके ढूँढती है । दुःखी हो गए।

(2) वह गृहस्थ थे, लेकिन उनकी सब चीज 'साहब' की थीं । जो कुछ खेत में पैदा होता, सिर पर लादकर पहले उसे साहब के दरबार में ले जाते जो उनके घर से चार कोस दूर था - एक कबीरपंथी मठ से मतलब! वह दरबार में भेंट रूप रख दिया जाकर प्रसाद रूप में जो उन्हें मिलता, उसे घर लाते और उसी से गुजर चलाते ।

(3) भादों की वह अंधेरी अधरतिया । अभी थोड़ी ही देर पहले मूसलाधार वर्षा खत्म हुई है । बादलों की गरज, बिजली की तड़प् में आपने कुछ नहीं सुना हो, किन्तु अब झिल्ली की झंकार या दादुरों की टर्र-टर्र बालगोबिन भगत के संगीत को अपने कोलाहल में डुबों नहीं सकती ।

(4) यह पितृ गाथा मैं इसलिए नहीं गा रही कि मुझे उनका गौरव-गान करना है, बल्कि मैं तो यह देखना चाहती हूँ कि उनके व्यक्तित्व की कौन सी खूबी और खामियाँ मेरे व्यक्तित्व के ताने-बाने में गुँथी हुई हैं या कि अनजाने-अनचाहे किए उनके व्यवहार ने मेरे भीतर किन ग्रन्थियो को जन्म दे दिया।

(5) केवल बाहरी भिन्नता के आधार पर अपनी परम्परा और पीढ़ियों को नकारने वालों को क्या सचमुच इस बात का बिल्कुल एहसास नहीं होता कि उनका आसन्न अतीत किस कदर उनके भीतर जड़ जमाए बैठा रहता है । समय का प्रवाह भले ही हमें दूसरी दिशाओं में बहाकर ले जाएस्थितियों का दबाव भले ही हमारा रूप बदल दे, हमें पूरी तरह उससे मुक्त तो नहीं ही कर सकता।

(6 ) काशी आज भी संगीत के स्वर पर जगती और उसी के थापों पर सोती है । काशी में मरण भी मंगल माना जाता है । काशी आनंदकानन है । सबसे बड़ी बात यह है कि काशी के पास उस्ताद बिस्मिल्ला

खाँ जैसा लय और सुर की तमीज सिखाने वाला नायाब हीरा रहा है जो हमेशा से दो कौमो को एक होने व आपस में भाईचारे के साथ रहने की प्रेरणा देता रहा है ।

(7) एक संस्कृत व्यक्ति किसी नयी चीज की खोज करता है, किन्तु उसकी संतान को वह अपने पूर्वज से अनायास ही प्राप्त हो जाती है । जिस व्यक्ति की बुद्धि ने अथवा उसके विवके ने किसी भी नए तथ्य का दर्शन किया, वह व्यक्ति ही वास्तविक संस्कृत व्यक्ति है और उसकी संतान जिसे अपने पूर्वज से वह वस्तु अनायास ही प्राप्त हो गई है, वह अपने पूर्वज की भाँति सभ्य भले ही बन जाए, संस्कृत नहीं कहला सकता ।

(8 )मूर्ति संगमरमर की थी। टोपी की नोंक से कोट के दूसरे बटन तक कोई दो फुट ऊँची । जिसे कहते हैं बस्ट। और सुन्दर थी। ने ताजी सुंदर लग रहे थे। कुछ-कुछ फुट मासूम और कमसिन । फौजी वर्दी थी। मूर्ति को देखते ही 'दिल्ली चलो ' और 'तुम मुझे खून दो ... ' वगैरह याद आने लगते थे। इस दृष्टि से यह सफल और सराहनीय प्रयास था।

(9 ) जीप कस्बा छोड़कर आगे बढ़ गई तब भी हालदार साहब इस मूर्ति के बारे में ही सोचते रहे और अंत में इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि कुल मिलाकर कस्बे के नागरिकों हुआ है। का यह प्रयास सराहनीय ही कहा जाना चाहिए। महत्त्व मूर्ति के रंग-रूप या कद का नहीं , उस भावना का है वरना तो देश-भक्ति भी आजकल मजाक की चीज होती जा रही है।

(10 ) खेतीबारी करते, परिवार रखते भी, बालगोबिन भगत साधु थे- साधु की सब परिभाषाओं में खरे उतरने वाले। कबीर को 'साहब' मानते थे , उन्हीं के गीतों को गाते, उन्हीं के आदेशों पर चलते। कभी झूठ नहीं बोलते , खरा व्यवहार रखते। किसी से भी दो टूक बात करने में संकोच नहीं करते , न किसी से खामखाह झगड़ा मोल लेते। किसी की चीज नहीं छूते , न बिना पूछे व्यवहार में लाते।

(11 ) बालगोबिन भगत की संगीत साधना का चरम उत्कर्ष उस दिन देखा गया दिन उनका बेटा मरा। इकलौता बेटा था वह। कुछ सुस्त और बोदा-सा था , किन्तु कारण बालगोबिन भगत उसे और भी मानते। उनकी समझ से ऐसे आदमियों पर दा नजर रखनी चाहिए या प्यार करना चाहिए ; क्योंकि ये निगरानी और मुहब्बत दा हकदार होते हैं।

(12 ) ठाली बैठे , कल्पना करते रहने की पुरानी आदत है। नवाब साहब की असुविधा और संकोच के कारण का अनुमान करने लगे। संभव है , नवाब साहब ने बिलकुल अकेले यात्रा कर सकने के अनुमान में किफायत के विचार से सेकण्ड क्लास का टिकट खरीद लिया हो और अब गवारा न हो कि शहर का कोई सफेदपोश उन्हें मंझले दर्जे में सफर करता देखे ।

(13 ) नवाब साहब ने सतृष्ण आँखों से नमक-मिर्च के संयोग से चमकती खीरे की फाँकों की ओर देखा। खिड़की के बाहर देखकर दीर्घ निस्वास लिया। खीरे की एक फाँक उठाकर होंठों तक ले गए। फाँक को सूँघा । स्वाद के आनंद में पलकें मुँद गईं। मुँह में भर आए पानी का घूँट गले से उतर गया। तब नवाब साहब ने फाँक को खिड़की से बाहर छोड़ दिया। नवाब साहब खीरे की फाँकों को नाक के पास ले जाकर , वासना से रसास्वादन कर खिड़की के बाहर फेंकते गए।

# इकाई-4
# भाषा बोध

| क्र | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| इकाई 4 | **भाषा बोध**<br>• संधि एवं समास(भेद एवं उदाहरण), वाच्य, क्रिया के भेद एवं क्रिया विशेषण<br>• मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ, अनेकार्थी शब्द, वाक्यांश के लिए एक शब्द<br>• वाक्य के भेद(अर्थ के आधार पर)<br>• शब्द शक्ति एवं शब्द गुण का सामान्य परिचय | 08 | 06 | 01 | -—— | —-—— | -—— | 01 |

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न-** (01 अंक)

**सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

1. दो वर्णों के मेल को कहते हैं -
   अ. संधि ब. समास स. उपसर्ग द. प्रत्यय
2. संधि के भेद होते हैं -
   अ. 2 ब. 3 स. 4 द. 5
3. दो शब्दों का अपने विभक्ति चिन्हों को छोड़कर आपस मिलना कहलाता है -
   अ. संधि ब. समास स. वाक्य रूपान्तरण द. इसमें से कोई नहीं
4. जिन मूल शब्दों से मिलकर समास बना है, उसमें से पहले पद को कहते हैं -
   अ. पूर्वपद ब. उत्तर पद स. पूर्वापर द. उत्तरपूर्व
5. 'वाच्य' के भेद हैं -
   अ. दो ब. तीन स. चार द. छः
6. जो शब्द क्रिया की विशेषता प्रकट करते है, उन्हें कहते हैं -
   अ. रीति विशेषण ब. जाति विशेषण स. क्रिया विशेषण द. इसमें से कोई नहीं
7. 'सुनार गहने बनाता है' इसमें वाच्य है -
   अ. कर्म वाच्य ब. कर्तृवाच्य स. भाववच्य द. उपर्युक्त सभी
8. किसी कार्य का करने या होने वा बोध कराने वाले शब्द कहलाते हैं -
   अ. संज्ञा ब . विशेषण स. काल द. क्रिया
9. आग बबूला होना का अर्थ है -
   अ. मुद्राएँ बनाना ब. क्रोध करना स. तेवर बदलना द. रंग बदलना
10. अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद हैं -
    अ. चार ब. छ' स. आठ द. दस

11. निम्नलिखित में से कौन शब्द-शक्ति का भेद नहीं है -
अ. अभिधा ब. व्यंजना स. लक्षणा द. रस

**रिक्त स्थान में उचित शब्द चुनकर लिखिए -**

1. जब क्रिया का रूप कर्म के अनुसार बदलता है .................... वाच्य होता है। (कर्मवाच्य/कर्तृ वाच्य)
2. वाच्य प्रयोग में सबसे अधिक .................... ध्यान रखना पड़ता है। (विशेषण/ क्रिया)
3. समुच्चय बोधक शब्दों को .................... कहा जाता है। (योजक/वियोजक)
4. 'विद्यालय' में .................... संधि है। (स्वर/व्यंजन)
5. विलक्षण अर्थ का बोध कराने वाले वाक्य .................... कहलाते है। (मुहावरा/लोकोक्ति)
6. उड़ती चिड़िया पहचानना .................... है। (लोकोक्ति/मुहावरा)
7. 'विद्यार्थी कक्षा में पढ़ रहे हैं '। वाक्य में ....................क्रिया है। (सकर्मक / अकर्मक)
8. समास के भेद .................... हैं। (8/6)
9. 'चौराहा' में .................... समास है। (द्वंद/दिगु)
10. शब्द-शक्ति के .................... प्रकार है। (3/6)

**सही जोड़ियाँ बनाकर लिखिए -**

| **i** | **अ** | | **ब** |
|---|---|---|---|
| 1. | जिस समास में दोनों पद प्रधान हो | - | क. तत्पुरूष |
| 2. | रसोई घर में समास है | - | ख. द्विगु |
| 3. | 'त्रिभुवन' में समास है - | - | ग. द्वन्द |
| 4. | 'एक मात्र सहारा' के लिए मुहावरा है | - | घ. परास्त करना |
| 5. | दांत खट्टे करना | - | ङ. अंधे की लाठी |

| **ii** | **अ** | | **ब** |
|---|---|---|---|
| 1. | शब्दों का सार्थक समूह | - | क. प्रश्नवाचक |
| 2. | दो या दो अधिक शब्दों का समूह | - | ख. दावानल |
| 3. | लोकोक्ति को कहते हैं | - | ग. समास |
| 4. | क्या राम चला गया? वाक्य क्या है? | - | घ. लोगों द्वारा कहा गया कथन |
| 5. | जंगल में लगने वाली आग | - | ङ. वाक्य |

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए -**

1. वाच्य क्या है?
2. ऐसी बात जो लोगों द्वारा बोली जाती है और जुबान पर चढ़ जाती है।क्या कहलाती है?
3. 'बिजली गुल हो गयी' यह वाक्य वाच्य का कौन- सा प्रकार है?
4. समुद्र मंथन करना का अर्थ लिखिए।
5. विरोध करना के लिए सही मुहावरा लिखिए।
6. शब्द की प्रथम शक्ति को क्या कहाँ जाता है?
7. जिसका कोई शत्रु न हो।उसे क्या कहा जाता है?
8. 'टेढ़ी खीर' मुहावरे का अर्थ क्या है?
9. 'प्रतिदिन' में कौन सी समास है?
10. समुच्च्यबोधक शब्द का अभिप्राय लिखिए।

**सत्य / असत्य लिखिए -**

1. क्रिया के वर्तमान काल में काम होने का पता चलता है।
2. कर्तृवाच्य-भाव प्रधान होता है।
3. कर्म-वाच्य में क्रिया हमेशा अकर्मक रहती है।
4. 'लोक+उक्ति' से मिलकर लोकोक्ति शब्द बना है।
5. 'उससे खाना नहीं खाया जाता' में भाववाच्य है।
6. अग्नि-परीक्षा देना का अर्थ कठिन परिस्थिति में पड़ना है।
7. मुहावरों और लोकोक्तियों लक्षणा शब्द शक्ति के जरिये अर्थ ग्रहण किया जाता है।
8. वर्षा न होती तो फसल सूख जाती, विधिवाचक वाक्य है।
9. मुहावरे और लोकोक्ति एक ही है।
10. 'उपकार मानने वाला कृतज्ञ कहलाता है।

**लघुउत्तरीय प्रश्न –** **(02 अंक)**

1. संधि किसे कहते है? संधि के भेद लिखिए।
2. समास को परिभाषित करते हुए समास के भेद लिखिए।
3. 'वाच्य' की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
4. 'क्रिया' किसे कहते हैं? लिखिए।
5. 'क्रिया' के भेद लिखिए।
6. समुच्चय बोधक शब्दों का प्रयोग कहाँ करते हैं?
7. 'नील कण्ठ' और 'आदान-प्रदान' को समास विग्रह करके लिखिए।
8. 'सीता-पत्र लिखती है'। वाक्य को प्रश्न-वाचक वाक्य में परिवर्तित कीजिए।
9. शब्द शक्ति किसे कहते हैं?
10. शब्द गुण के भेद लिखिए।
11. 'वाक्य' किसे कहते हैं? लिखिए।
12. अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद लिखिए।
13. 'श्री गणेश करना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।
14. 'सज्जन' एवं 'मनोरथ 'की संधिविच्छेद कर संधिका नाम लिखिए।
15. माधुर्य गुण की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
16. संधि एवं समास में अंतर लिखिए।
17. 'बसों मेरे नैनन में नंदलाल<br>मोहिनी मूरत साँवरि सूरत, नैना बने बिसाल<br>इन पंक्तियों में कौन-सा शब्द गुण है? लिखिए।

18 अभिधा शब्द-शक्ति की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

19 'लो, सूर्य डूब गया' उक्त वाक्य शब्द-शक्ति को पहचान कर परिभाषा लिखिए।

20 'फूला न समाना' एवं 'लोहा लेना' मुहावरों के अर्थसहित वाक्य बनाकर लिखिए।

21 क्रिया किसे कहते हैं? इसके भेद लिखिए।

22 समुच्चय बोधक शब्दों की उपयोगिता समझाइए।

23 'मैं आज विद्यालय जाऊँगा' को निषेधवाचक वाक्य में परिवर्तित कर लिखिए।

24 'रास्ता दिखाने वाले' को क्या कहते हैं?

25\. 'बुंदेले हर बोलों के मुँह , हमने सुनी कहानी थी' में कौन सी शब्द शक्ति है? कारण सहित लिखिए।

26 मुहावरे और लोकोक्ति में दो अंतर लिखिए।

27 प्रसाद गुण की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

28 'लक्षणा' शब्द शक्ति की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए ।

29 निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कर लिखिए –

1. मैं कल भोपाल जाऊँगी। (प्रश्नवाचक)
2. यह आपका विद्यालय है। (निषेधवाचक)
3. राम घर जाता है। (आज्ञा वाचक)

30 निम्नलिखित शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखिए –

1. जहाँ लोग परस्पर मिलें।
2. जो सभी को स्वीकार हो।
3. जिसका आकार न हो।

31 निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ सहित वाक्य बनाकर लिखिए –

1. आँख का तारा होना
2. आग में घी डालना
3. गागर में सागर भरना
4. तूती बोलना

32 निम्नलिखित शब्दों की संधिविच्छेद करके संधिका नाम लिखिए –

1. सूर्योदय 2. निरक्षर
3. यद्यपि 4. दिग्गज

33 निम्नलिखित को विग्रह कर समास का नाम लिखिए –

1. यथाशक्ति 2. गगनचुम्बी
3. पंचपत्र 4. जलज

34 क्रिया विशेषण किसे कहते हैं? क्रिया विशेषण के प्रमुख भेद लिखिए।

35. अर्थ आधार पर वाक्य के भेद लिखिए।

36. अनेकार्थी शब्द क्या होते हैं ? लिखिए ।

**विशेष टीप –विषय शिक्षक द्वारा संधि एवं समास, वाच्य, क्रिया के भेद ,क्रिया विशेषण मुहावरे , लोकोक्तियाँ, अनेकार्थी शब्द, वाक्यांश के लिए एक शब्द ,वाक्य के भेद(अर्थ के आधार पर) शब्द शक्ति एवं शब्द गुण आदि से सम्बंधित अन्य प्रश्नों का अभ्यास भी करवाया जाए ।**

# इकाई – 5
# कृतिका भाग – 2

| क्र | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| इकाई 5 | कृतिका भाग – 2<br>पूरक पाठ्य पुस्तक से विविध पाठों पर आधारित प्रश्न | 08 | 06 | 01 | --- | --- | --- | 01 |

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न** **(01 अंक)**

**सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

1. माँ ने भोलानाथ के घाव पर लगाया-
   (अ) मरहम (ब) दवाई
   (स) पिसी हुई हल्दी ( द) तुलसी का रस

2. भोलानाथ का असल में नाम था-
   (अ) तारकेश्वरनाथ (ब) अमरनाथ
   (स) केदारनाथ (द) बद्रीनाथ

3. 'मइयाँ चावल अमनिया कर रही थी' अमनिया का अर्थ है-
   (अ) फटकना (ब) साफ करना
   (स) चुनना (द) धोना

4. बरखा बंद होते ही बाग में बहुत से नजर आए-
   (अ) चूहे (ब) बंदर
   (स) चिरई (द) बिच्छू

5. सांप निकलने पर डरकर भागे भोलानाथ आकर छिपे-
   (अ) घर के कमरे में (ब) बैठक के कोने में
   (स) पिताजी की गोद में (द) मइयाँ केअँचल में

6. ' साना साना हाथ जोड़ि' रचना है-
   (अ) कमलेश्वर की (ब) शिव प्रसाद मिश्र की
   (स) मधु कांकरिया की ( द) शिवपूजन सहाय की

7. एक कतार में लगी सफेद सफेद बौद्ध पताकाएं प्रतीक हैं -
   (अ) शांति और अहिंसा की (ब) सुंदरता की
   (स) आत्मा की शांति की (द) नए कार्य की शुरुआत की

8. ' साना साना हाथ जोड़ि' गद्य की विधा है-

(अ) संस्मरण (ब) यात्रा वृतांत
(स) डायरी लेखन (द) रिपोर्ताज

9 . पहाड़ी कुत्ते भोंकते हैं-

(अ) काली रात में (ब) चांदनी रात में
(स) आधी रात में (द) दिन में

10. 'फेरी भेटूला' का अर्थ है-

(अ) फिर जाएंगे (ब) फिर आएंगे
(स) फिर चलेंगे (द) फिर मिलेंगे

11. मधु कांकरिया की सहेली है-

(अ) मणि (ब) जितेन
(स) प्रियंवदा (द) सुभद्रा

12. खेदुम है-

(अ) फूलों का बगीचा (ब) रोडोडेंड्रो के फूल
(स) देवी देवताओं का निवास (द) झरना

13. हिरोशिमा कविता किस काव्य संग्रह से ली गई है ?

(अ) अरि ओ करुणा प्रभामय (ब) नदी के द्वीप
(स) इंद्रधनु रोंदे हुए (द) अरे यायावर रहेगा याद

14 लेखक अपनी अभ्यांतर विवशता को पहचान पाता है -

(अ) प्रयोग करके (ब) लिखकर
(स) सुनकर (द) पढ़कर

15. हिरोशिमा नामक कविता अज्ञेय ने लिखी-

(अ) भारत में (ब) रेल गाड़ी में बैठे बैठे
(स) जापान में (द) हवाई जहाज में

16. प्रत्यक्ष अनुभव की अपेक्षा गहरी होती है-

(अ) बुद्धि ( ब) स्वभाव
(स) अनुभूति (द) विवशता

**रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए -**

1. आम की फसल में कभी-कभी खूब----------- आती है। (आँधी / वर्षा)
2. कभी-कभी हमसे.................... कुश्ती भी लड़ते हैं। ( बाबूजी/ पिताजी)
3. भोलानाथ और उनके साथी------------- के बिल के पानी उलीचने लगे। ( चूहों/ सांपों)
4. जहाँ लड़कों का संग तहाँ बाजे...........। ( मृदंग/ तंग)
5. लड़के और बंदर पराई ......... नहीं समझते। ( प्रीत/ पीर)
6. गंतोक से.......... किलोमीटर की दूरी पर यूमथांग था ।(139/149)
7. लेपचा और ....... सिक्किम की स्थानीय जातियाँ हैं। ( भूटिया/ सहरिया)
8.. सिलीगुड़ी से ही हमारे साथ थी यह.......... नदी । ( तिस्ता/ कोसी)

9. जितेन उत्साहित होकर कहने लगा, "......... हिंदुस्तान का स्विजरलैंड है। (कटाओ/ कश्मीर)
10. मंजिल से कहीं ज्यादा........... होता है मंजिल तक का सफर। (रोमांचक/आकर्षक)
11. चाय के बागानों में कई ......... बोकू पहले चाय की पत्तियाँ तोड़ रही थी। ( युवतियां/ युवक)
12. हिरोशिमा-------------------- में है। (जापान/अमेरिका)
13. अज्ञेय.............. के विद्यार्थी रहे हैं। (विज्ञान /कला)
14 . अज्ञेय का जन्म-------------------- में हुआ।( उत्तर प्रदेश /मध्य प्रदेश)
15 . अज्ञेय की प्रारंभिक शिक्षा .................में हुई। (पंजाब /जम्मू कश्मीर)
16 . गंतोक का मतलब ..........है । (पठार/ पहाड़)
17 . शिवपूजन सहाय मुख्यतः......... के लेखक हैं। ( गद्य/ पद्य)

**सही जोड़ी बनाकर लिखिए-**

**(i)**

| अ | ब |
|---|---|
| 1. माता का अँचल | क अज्ञेय |
| 2 . मैं क्यों लिखता हूँ ? | ख माता का अँचल |
| 3 . निबन्ध | ग शिवपूजन सहाय |
| 4 . साना-साना हाथ जोड़ी | घ मैं क्यों लिखता हूँ ? |
| 5 . उपन्यास का अंश | ड. यात्रा वृत्तांत |

**(ii)**

| अ | ब |
|---|---|
| 1.शिवपूजन सहाय का जन्म | क सच्चीदानंद हीरानंद वात्सयायन |
| 2 . देहाती दुनिया | ख सन् 1893 |
| 3 . सलाम आखिरी | ग शिवपूजन सहाय |
| 4 . अज्ञेय | घ मधु कांकरिया |
| 5 . अज्ञेय का जन्म | ड. सन् 1911 |

**(iii)**

| अ | ब |
|---|---|
| 1. शिवपूजन रचनावली | क काव्य संग्रह |
| 2 . पत्ताखोर | ख एक धर्म चक्र |
| 3 . प्रेयर व्हील | ग निबन्ध |
| 4 . त्रिशंकु | घ उपन्यास |
| 5 . भग्नदूत | ड. चार खण्ड |

**(iv)**

| अ | ब |
|---|---|
| 1. खुले गगन के लाल सितारे | क छोटा शामियाना |
| 2 . चैरवेति - चैरवेति | ख आम का उगता हुआ पौधा |
| 3 . रफ़्ता-रफ़्ता | ग धीरे - धीरे |
| 4 . अमोले | घ चलते रहो -चलते रहो |
| 5 . चँदोआ | ड. कहानी संग्रह |

**(v)**

| अ | ब |
|---|---|
| 1. मतवाला | क पीठ के बल लेटना |
| 2 .खेदुम | ख कोलकाता में जन्म |
| 3 . तारसप्तक | ग अज्ञेय |
| 4 . मधु कांकरिया | घ देवी देवताओं का निवास |
| 5 . उतान | ड. प्रतिष्ठित पत्रिका |

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए-**

1. हिंदी का स्मरणशिल्प में लिखा गया पहला उपन्यास कौन सा माना जाता है?
2. बरखा के बंद होते ही बाग में क्या -क्या नजर आए?
3. विपदा के समय भोलानाथ किसकी शरण में जाता है?
4. भोलानाथ का असल नाम क्या था?
5. भोलानाथ अपने पिताजी को क्या कहकर बुलाते थे?
6. भोलानाथ और उनके साथी टूटी चूहेदानी से क्या बनाते थे?
7. निम्नलिखित शब्दों का अर्थ लिखिए-
   अ. आबरवाँ ब. अमनिया
8. सामने ही <u>रकम रकम</u> के रंग-बिरंगे इतने सारे फूल दिखाई पड़े कि लगा फूलों के बाग में आ गई हूँ। रेखाँकित शब्द का अर्थ लिखिए।
9. 'डोको' क्या है?
10. अज्ञेय ने मानव निर्मित सूरज किसे कहा है?
11. लेखक ने अपने आप को हिरोशिमा के विस्फोट का भोक्ता कब महसूस किया?

**सत्य / असत्य लिखिए -**

1. तारकेश्वरनाथ ही भोलानाथ थे।
2. भोलानाथ को मइयाँ के गोद से निकलकर बाबूजी की गोद में शांति मिली।
3. गणेश जी के चूहे की रक्षा के लिए शिव का नंदी निकल आया।
4. हमारे पिताजी तड़के उठ कर निपट नहा कर पूजा करने बैठ जाते थे।
5. कभी-कभी बाबूजी हमसे कुश्ती भी लड़के थे।
6. हम कन्हैया बनकर बाबूजी की गोद में हंसते-हंसते बाहर आते थे।
7. चार लड़के बैल बनकर मोट खींचने लग जाते थे ।
8. गंगटोक मेहनतकश बादशाहों का शहर है।
9. जब किसी बुद्धिस्ट की मृत्यु होती है तो रंगीन पताकाएँ लगा दी जाती हैं ।
10. सेवेन सिस्टर्स वाटरफॉल असम में है।
11. चाय के हरे भरे बागानों में कई युवतियां बोकू पहले चाय की पत्तियाँ तोड़ रही थी।

**लघु उत्तरीय प्रश्न** **(02 अंक)**

1. बाल मनोभावों की अभिव्यक्ति करते-करते लेखक ने तत्कालीन समाज के पारिवारिक परिवेश का चित्रण भी किया है।"माता का अँचल ' पाठ के आधार पर इस कथन की विवेचना कीजिए।
2. भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता है?
3. बच्चे माता- पिता के प्रति अपने प्रेम को कैसे अभिव्यक्त करते हैं?
4. माता का अँचल शीर्षक की उपयुक्तता बताइ।
5. भोलानाथ का अपने पिता से अधिक जुड़ाव था फिर भी विपदा के समय माँ की शरण लेता है। इसकी क्या वजह हो सकती है?
6. गंतोक को मेहनतकश बादशाहों का शहर क्यों कहा गया ?
7. कभी श्वेत तो कभी रंगीन पताकाओं का लगाना किन अलग-अलग अवसरों की ओर संकेत करता है?
8. लॉन्ग स्टॉक में घूमते हुए चक्र को देखकर लेखिका को पूरे भारत की आत्मा एक ही क्यों दिखाई दी?
9. प्रकृति के अनंत और विराट स्वरूप को देखकर लेखिका को कैसी अनुभूति होती है? लिखिए।

10. ' कटाओ पर किसी भी दुकान का ना होना उसके लिए वरदान है।' इस कथन के पक्ष में अपना तर्क लिखिए।
11. प्रकृति ने जल संचय की व्यवस्था किस प्रकार की है? साना साना हाथ जोड़ि पाठ के आधार पर लिखिए।
12. लेखक के अनुसार प्रत्यक्ष अनुभव की अपेक्षा अनुभूति उनके लेखन में कहीं अधिक मदद करती है। इसका कारण लिखिए?
13. मैं क्यों लिखता हूँ ?पाठ के आधार पर बताइए कि लेखक को कौन सी बातें लिखने के लिए प्रेरित करती हैं?
14. कुछ रचनाकारों के लिए आत्मानुभूति के साथ-साथ बाहरी दबाव भी महत्वपूर्ण होता है। यह बाहरी दबाव कौन-कौन से हो सकते हैं?
15. हिरोशिमा पर लिखी कविता लेखक के अंतः और बाहरी दोनों दबाव का परिणाम है ।कैसे? पाठ के आधार पर लिखिए।
16. अनुभव और अनुभूति में क्या अंतर है?
17. 'मातृत्व और श्रम साधना साथ साथ' पाठ के आधार पर पहाड़ी महिलाओं की स्थिति को स्पष्ट कीजिए।

# इकाई - 6
# अपठित-बोध

| क्र | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| इकाई 6 | अपठित बोध - अपठित काव्यांश / गद्यांश | 04 | ___ | __ | __ | 01 | __ | 01 |

**अपठित गद्यांश**

1. मानव का अकारण ही मानव के प्रति अनुदार हो उठना न केवल मानवता के लिए लज्जाजनक है,अनुचित भी है। वस्तुतः यथार्थ मनुष्य वही है जो मानवता का आदर करना जानता है, कर सकता है केवल इसलिए कि कोई मनुष्य बुद्धिहीन है अथवा दरिद्र। वह घृणा का तो दूर रहा उपेक्षा का भी पात्र नहीं होना चाहिए । मानव तो इसलिए सम्मान के योग्य है कि मानव है ,भगवान की सर्वश्रेष्ठ रचना है।

प्रश्न-

(i) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ii) यथार्थ मनुष्य किसे कहते हैं ?

(iii) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

2. आप हमेशा अच्छी जिंदगी जीते जा रहे हैं। आप हमेशा बढ़िया कपड़े बढ़िया जूते व मोबाईल जैसे दिखावों पर बहुत खर्च करते हैं। आप अपने शरीर पर कितना खर्च करते हैं ? इसका मूल्यांकन जरूरी है। यह शरीर अनमोल है। अगर शरीर स्वस्थ नहीं होगा तो आप ये सारे सामान किस पर टांगेंगे? अत: स्वयं का स्वस्थ रहना सबसे जरूरी है एवं स्वस्थ रहने में हमारे खान-पान का सबसे महत्त्वपूर्ण योगदान है।

प्रश्न-

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) अनमोल क्या है?

(III) शुद्ध असली शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

3. आदर्श व्यक्ति कर्मशीलता में ही अपने जीवन की सफलता समझता है जीवन का प्रत्येक क्षण वह चार्म में लगाता है। विश्राम और विनोद के लिए उसके पास निश्चित समय रहता है। शेष समय जन सेवा में व्यतीत होता है। हाथ पर हाथ रख कर बैठने को वह मृत्यु के समान समझता है। काम करने की उसमें लगन होती है,उत्साह होता है। विपत्तियों में भी वह अपने चरित्र का परिचय देता है। धैर्य की कुदाली से वह बड़े बड़े संकट पर्वतों को ढहा देता है उसकी कार्यकुशलता देखकर लोग दांतों तले ऊँगली दबाते हैं। संतोष उसका धन है। वह परिस्थितियों का दास नहीं है। \परिस्थितियाँ उसकी दासी हैं।

प्रश्न-

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) उपर्युक्त गद्यांश में वर्णित व्यक्ति के गुणों का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए ।

(iii) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

4 देश प्रेम में आत्म विस्तार का भाव निहित है। जिस भाव के अंतर्गत व्यक्ति परिवार और समाज की परिधि से भी आगे अपने देश के प्रति अपना लगाव अनुभव करने लगता है, उस भाव को देश प्रेम

के अंतर्गत परिगणित किया जाता है। देश प्रेम में देश की रक्षा और देश के विकास को महत्व दिए जाने के साथ देश के प्रति पूज्य भाव का संचार भी सन्निहित होता है। जब तक व्यक्ति देश को अपना आराध्य नहीं बनाता, तब तक देश के प्रति समर्पण का भाव भी उसमें जाग्रत नहीं होता।

प्रश्न -

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) देश के प्रति समर्पण का भाव कब जाग्रत होता है?

(iii) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

5. राष्ट्रीय भावना में शौर्यभाव का अपना विशिष्ट स्थान है। राष्ट्र गौरव का बखान और उसकी रक्षा का प्रबल भाव जिस कविता में व्यक्त होता है, उस वीर भाव को शौर्य के अन्तर्गत गिना जाता है। शौर्य का भाव आत्मगौरव से परिपूर्ण होता है। हिन्दी कविता के सुदीर्घ इतिहास में इस भाव की प्रतिष्ठा प्राय: सभी युगों में होती रही है। आदिकाल से आधुनिक युग तक किसी न किसी रूप में शौर्य और देशप्रेम का भाव जाग्रत रहा है।

प्रश्न-

(i) उपर्युक्त गदयांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) शौर्य भाव क्या है?

(iii) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

6. हमारी जीवन शैली में कम्प्यूटर और इंटरनेट का दखल इस कदर बढ़ता जा रहा है कि संभव है कि आने वाले समय में इंसान कम्प्यूटर और कम्प्यूटर इंसान बन जाएगा। कम्प्यूटर विशेषज्ञ और लेखक कवि 'रे कुर्जवील' ने भविष्यवाणी की है कि सन 2029 तक कम्प्यूटर और इंसान में तमीज कर पाना मुश्किल हो जाएगा और सदी के अंत तक तो वे सर्वथा एक रूप हो जाएँगे।

प्रश्न-

(i) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ii) इंसान के कंप्यूटर बन जाने से समाज को क्या खतरे हैं?

(iii) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

7. लोक साहित्य में लोकगीतों का विशेष स्थान है ये गीत व्यक्ति विशेष के न होकर समूह के होते हैं। इनका रचयिता अज्ञात होता है और ये प्राय: मौखिक रूप में एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी या एक स्थान से दूसरे स्थान में स्थानान्तरित होते रहते हैं। लोकगीत, लोकजीवन का दर्पण होते हैं। जिनमें लोक संस्कृति के समस्त पक्षों का वर्णन होता है। लोकगीत धर्म, सामाजिक रीति-रिवाज, दर्शन, ज्योतिष , वैद्यक, सदाचार, उपदेश, लोक व्यवहार ,मनोरंजन तथा जीवन के समस्त पक्षों का संचित कोष होते हैं।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ii) लोकगीतों की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

**अपठित पद्यांश**

- माँ तुम्हारा ऋण बहुत है मैं अकिंचन,
  किन्तु इतना कर रहा फिर भी निवेदन,
  थाल में लाऊँ सजाकर भाल जब भी,
  कर दया स्वीकार लेना वह समर्पण,
  ज्ञान अर्पित प्राण अर्पित,
  रक्त का कण-कण समर्पित,
  चाहता हूँ देश की धरती तुझे कुछ और भी दूँ ।।

प्रश्न –

(i) उपर्युक्त काव्यांश का शीर्षक लिखिए।
(ii) कवि भारत माँ को क्या अर्पित करना चाहता है?
(iii) देश की धरती का हम पर क्या ऋण हैं?

- गगन-गगन तेरा यश फहरा,
  पवन-पवन तेरा बल गहरा,
  क्षिति-जल-नभ पर डाल हिंडोले,
  चरण-चरण संचरण सुनहरा,
  ओ ऋषियों के वेश,
  प्यारे भारत देश।

प्रश्न –

i उपर्युक्त काव्यांश का शीर्षक लिखिए।
ii आप अपने देश को प्यार क्यों करते हैं?
Iii उक्त काव्यांश का भावार्थ लिखिए।

- जी पहले कुछ दिन शर्म लगी मुझको,
  पर पीछे-पीछे अक्ल जगी मुझको,
  जी लोगों ने तो बेंच दिये ईमान,
  जी आप न हो सुनकर ज्यादा हैरान,
  मैं सोच-समझकर आखिर,
  अपने गीत बेंचता हूँ,
  जी हाँ हुजूर में गीत बेंचता हूँ''

प्रश्न –

i उपर्युक्त काव्यांश का शीर्षक लिखिए।
ii कवि को गीत बेचने में शर्म क्यों नहीं आती?
iii उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

- बहिन आज फूली समाती न मन में,
  तड़ित आज फूली समाती न घन में,
  घटा है न झूली समाती गगन में,
  लता आज फूली समाती न वन में

प्रश्न –

i उपर्युक्त पंक्तियाँ किस ऋतु की ओर संकेत करती हैं ?
ii बहन के खुश होने का क्या कारण है?
iii उपर्युक्त गद्यांश का भावार्थ लिखिए।

- रॉपीं से उठी हुई आँखों ने मुझे,
  क्षण भर टटोला,
  और फिर,
  जैसे बतियाते स्वर में,
  वह हँसते हुए बोला,
  बाबू सच कहूँ – मेरी निगाह में,
  न कोई छोटा है,
  न कोई बड़ा है,
  मेरे लिए हर आदमी एक जोड़ी जूता है।
  जो मेरे सामने,
  मरम्मत के लिए खड़ा है।

प्रश्न -

i मोची हर आदमी को किस रूप में देखता है?
ii हर आदमी की मरम्मत से मोची का क्या अभिप्राय है?
iii उपर्युक्त गद्यांश का आशय स्पष्ट कीजिए।

- वीरों का कैसा हो बसंत ?
  आ रही हिमालय से पुकार
  है उदधि गरजता बार-बार
  प्राची, पश्चिम, भू, नभ उपार,
  सब पूछ रहे हैं दिग-दिगंत,
  वीरों का कैसा हो बसंत ?

प्रश्न -

(i) उपर्युक्त काव्यांश का शीर्षक लिखिए।
(ii) चीरों का बसंत कैसा होना चाहिए?
(iii) उपर्युक्त काव्यांश का भावार्थ लिखिए।

- मैंने छुटपन से छिपकर पैसे बोए थे सोचा था,
  पैसों के प्यारे पेड़ उगेंगे,
  रूपयों की कलदार मधुर फसले खनकेंगी,
  और फूल-फलकर, मैं मोटा सेठ बनूँगा ।।
  पर बंजर धरती में एक न अंकुर फूटा
  मिटटी ने न एक भी पैसा उगला।
  सपने जाने कहाँ मिटे सब धूल हो गए।
  मैं हताश हो, बांट जोत रहा दिनों तक
  बाल कल्पना के अपलक
  पॉवड़े बिछाकर मैं अयोध था.
  मैंने गलत बीज बोये थे, ममता को रोपा था,
  तृष्णा को सींचा था।

प्रश्न-

i काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
ii कवि ने पैसों के पेड़ से क्या कल्पना की हैं ?
iii उपर्युक्त काव्यांश का भावार्थ लिखिए।

# इकाई - 7
# पत्र-लेखन

| क्र | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| इकाई 7 | पत्र लेखन - औपचारिक पत्र/ अनौपचारिक पत्र | 04 | —_ | _—_ | —_____ | 01 | __ | 01 |

1- आप कक्षा दसवीं- 'अ' के छात्र हैं, आपकी कक्षा में छात्रों के मान से मेज-कुर्सी की कमी है। अपने प्राचार्य को इस समस्या से अवगत कराने हेतु एक आवेदन-पत्र लिखिए।

2- अपने विद्यालय में नियमित खेल प्रशिक्षक की व्यवस्था करने हेतु अपने प्राचार्य को एक आवेदन-पत्र लिखिए।

3- आप अपनी कक्षा के नायक हैं,आप अपनी कक्षा के समस्त छात्रों के साथ अपने गांव/शहर की सड़कों के किनारे वृक्षारोपण करना चाहते हैं इस संबंध में अनुमति प्राप्त करने हेतु अपने प्राचार्य को पत्र लिखिए।

4- अपने विद्यालय में अंतर्विद्यालयीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कराने हेतु अपने विद्यालय के प्राचार्य को आवेदन- पत्र लिखिए।

5 आपको पिछले वर्ष की छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं हुई हैं ,इस बात की जानकारी देने हेतु अपने प्राचार्य को एक आवेदन- पत्र लिखिए।

6- वार्षिक परीक्षा की तैयारी की जानकारी देते हुए अपनी माताजी को एक पत्र लिखिए।

7- अपने वृद्ध दादा-दादी के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए।

8- आपका पड़ोसी देर रात तक ध्वनि-विस्तारक यंत्रों का प्रयोग करता है, जिससे आपके अध्ययन में व्यवधान उत्पन्न होता है। इस बात की शिकायत करने हेतु अपने शहर के थाना-प्रभारी को पत्र लिखिए।

9- आपके गांव में किसी कन्या का विवाह 18 वर्ष की आयु के पूर्व हो रहा है। इसकी सूचना देने के लिए अपने थाना प्रभारी को एक पत्र लिखिए।

10- आप वार्ड क्रमांक 3 आनंद नगर रहली के निवासी हैं । अपने वार्ड में नालियों के निर्माण हेतु अपने वार्ड के पार्षद महोदय को एक पत्र लिखिए।

11- अपने बैंक खाता नं. को अपने आधार नंबर से संलग्न (लिंक) करने हेतु बैंक प्रबंधक को एक पत्र लिखिए।

12- राज्य की क्रिकेट टीम में चयन होने पर अपने मित्र को एक बधाई पत्र लिखिए।

13- हाईस्कूल परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने पर निराश अपने मित्र को सांत्वना देते हुए एक पत्र लिखिए।

14- मोबाइल गेम के दुष्प्रभाव को समझाते हुए अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखिए।

15- विद्यालय के प्राचार्य को शाला शुल्क से मुक्ति हेतु आवेदन- पत्र लिखिए ।

16- विद्यालय के प्राचार्य को स्थानांतरण प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लिखिए।

17- सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल को कक्षा 10वीं की अंकसूची की द्वितीय प्रति मंगवाने हेतु आवेदन-पत्र लिखिए ।

18- वार्षिक परीक्षा की तैयारी के संबंध में अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए।

19- परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अपने मित्र को एक बधाई-पत्र लिखिए।

20- विद्यालय के बुक-बैंक से पुस्तकें प्राप्त करने हेतु अपने विद्यालय के प्राचार्य को एक आवेदन- पत्र लिखिए।

21- बड़े भाई के विवाह में आमंत्रित करने हेतु मित्र को आमंत्रण- पत्र लिखिए।

---------xxxx----------

# इकाई - 8
# निबन्ध-लेखन

| क्र | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| इकाई 8 | • अनुच्छेद लेखन /संवाद लेखन /विज्ञापन लेखन<br>• निबन्ध लेखन (रूपरेखा सहित) | 07 | ---- | ----- | 01 | 01 | ---- | 02 |

**अनुच्छेद लेखन**

निम्नलिखित विषयों पर अनुच्छेद लिखिए-

- मेरे जीवन का लक्ष्य
- कोरोना काल में लॉकडाउन का दृश्य
- हमारा राष्ट्रीय ध्वज
- योग भगाए रोग
- भारतीय संविधान में वर्णित हमारे मूल कर्तव्य
- यदि मैं प्राचार्य होता
- मेरा भारत महान
- दूर के ढोल सुहावने होते हैं
- विद्यालय में मेरा पहला दिन
- बाल मजदूरी
- अनेकता में एकता
- पुस्तकें: हमारी प्रथम मित्र
- मोबाइल गेम से होने वाली हानियाँ
- ऑनलाइन शिक्षा
- भारतीय संस्कृति पर अमेरिकी संस्कृति का प्रभाव
- हमारा सौर मंडल
- उपभोक्तावादी संस्कृति
- व्यावसायिक शिक्षा की आवश्यकता
- जब मैं शिक्षक बन जाऊँगा

**संवाद लेखन/विज्ञापन लेखन/सूचना लेखन**

- दो मित्रों के बीच परीक्षा की तैयारी पर संवाद लिखिए।
- श्री राम के द्वारा धनुष तोड़े जाने पर परशुराम क्रोधित होते हैं ,लक्ष्मण भी उनसे बातचीत करते हैं। परशुराम व लक्ष्मण के बीच हुई बातचीत या संवाद को अपने शब्दों में लिखिए।
- सूरदास के पद में गोपियों व उद्धव के मध्य हुई बातचीत या संवाद को अपने शब्दों में लिखिए।
- नानी के घर से लौटने के पश्चात अपनी माता के साथ संवाद लिखिए।
- विज्ञापन लेखन से क्या आशय है?
- सूचना लेखन क्या है? लिखिए।
- अपने किसी पसंदीदा विषय पर विज्ञापन बनाइए।

## निबन्ध लेखन

**निम्नलिखित विषयों पर रुपरेखा सहित निबन्ध लिखिए–**

- दैनिक जीवन पर मँहगाई का असर
- पहला सुख–निरोगी काया
- शिक्षा के क्षेत्र में इंटरनेट की उपयोगिता
- शराबबंदी की आवश्यकता एवं लाभ
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020
- युद्ध और विज्ञान
- प्रथम स्वतंत्रता संग्राम
- शहर में हुए चुनाव का एक दृश्य
- आतंकवाद : कारण एवं समाधान
- महिला सशक्तिकरण के उपाय
- स्वच्छ भारत अभियान
- ग्रामीण जीवन
- विद्यार्थी जीवन में खेलों का महत्त्व
- प्रदूषण नियंत्रण में हमारी व्यक्तिगत भूमिका
- भारत में जैव विविधता
- भारतीय सेना: देश का गौरव
- वैश्विक गर्माहट (ग्लोबल वार्मिंग) के खतरे
- सिनेमा का समाज पर प्रभाव
- शिक्षित बेरोजगारी: कारण एवं समाधान
- मेरी स्मरणीय यात्रा
- मेरे बचपन के दिन

**विशेष टीप –विषय शिक्षक द्वारा अन्य विषयों पर भी निबन्ध लेखन का अभ्यास करवाया जाए ।**

---------xxxx----------

# उत्तरमाला

# इकाई – 1

# क्षितिज भाग–2 काव्यखण्ड

**सही विकल्प**

1. भक्ति काल
2. संवत् 1900 से
3. सूरदास
4. अज्ञेय
5. रघुवीर सहाय
6. संवत् 1375 से 1700 तक
7. सन् 1943 से
8. कृष्ण के लिए
9. कड़वी ककड़ी सी
10. हारिल की लकड़ी से
11. रोग
12. बृज
13. प्रेम संबंध की
14. वल्लभाचार्य
15. श्री कृष्ण
16. कमल का पत्ता
17. विनय पत्रिका
18. लक्ष्मण ने
19. परशुराम
20. अवधी
21. विश्वामित्र
22. परशुराम ने
23. भोली
24. अनुप्रास
25. जयशंकर प्रसाद
26. मंगला प्रसाद पारितोषिक
27. साये में धूप
28. क्रांति का
29. बाल कल्पना
30. नवजीवन वाले
31. आकाश को घेर कर बरसने को
32. जन सामान्य की पीड़ा
33. नागार्जुन

**रिक्त स्थान**

1. साख्यभाव
2. जन्मांध
3. बड़भागी
4. लकड़ी
5. राजनीति
6. पारसोली
7. कृष्ण
8. वात्सल्य रस
9. उद्धव
10. लक्ष्मण
11. क्रोधी
12. गाय
13. कायर
14. भगवान शिव
15. मित्रों
16. मुसक्या
17. बरसने
18. केशों
19. संस्कृत निष्ठ खड़ी बोली
20. मुक्तक
21. साहस होते हुए दुविधा ग्रस्त रहना
22. कृष्णा

**सही जोड़ी**

**(i)**

1) सूरदास
2) निराला
3) अट नहीं रही है
4) तुलसीदास
5) जयशंकर प्रसाद

**(ii)**

1) तुलसीदास
2) जयशंकर प्रसाद
3) सूरदास
4) नागार्जुन
5 )मंगलेश डबराल

**(iii)**

1) दंतुरित मुसकान
2) पंथा की
3) गरज में
4) माँझ रही
5) सट नहीं रही है

**(iv)**

1) सन् 1478,सन् 1583
2) सन् 1532 ,सन् 1623
3) सन् 1889 ,सन् 1937
4) सन् 1899 ,सन् 1961
5) सन् 1911 ,सन् 1998
6) सन् 1944

**एक वाक्य में उत्तर**

1. सूरदास भक्ति काल के कृष्ण भक्ति शाखा के प्रतिनिधि कवि हैं।
2. प्रजा का हित ही राजा का धर्म है।
3. सूरसारावली के कवि का नाम महाकवि सूरदास है।
4. यह पद सूरसागर के भ्रमरगीत से दिए गए हैं।
5. गोपियों ने भ्रमर के बहाने उद्धव पर व्यंग्य बाण छोड़े हैं।
6. यह अंश रामचरितमानस के बालकांड से लिया गया है।
7. गोस्वामी तुलसीदास की मृत्यु काशी में हुई।
8. सीता स्वयंवर में राम लक्ष्मण गुरु विश्वामित्र के साथ आए थे

9. इस पंक्ति में अनुप्रास अलंकार है।
10. उंगली दिखाने से कुम्हड़े का फल मुरझा जाता है।
11. कवि प्रसाद जी अपने सरल स्वभाव को दोष नहीं देना चाहते हैं।
12. मुरझा कर गिर नहीं पत्तियां निराशा का प्रतीक हैं।
13. आत्मकथ्य कविता में जीवन के यथार्थ एवं अभाव पक्ष की अभिव्यक्ति हुई है।
14. उषाकाल की अरुणिमा से तुलना की गई है।
15. प्रसाद जी के आलिंगन में आते-आते जीवन का सुख भाग गया।
16. बादल के हृदय में विद्युत या बिजली छिपी है।
17. विश्व की सकल जन गर्मी से व्याकुल हो रहे हैं।
18. घेर घेर घोर गगन में अनुप्रास अलंकार है।
19. बादल अज्ञात दिशा से आते हैं।
20. तप्त धरा का सांकेतिक अर्थ सांसारिक सुखों से पीड़ित पृथ्वी है।

**सत्य /असत्य**

1. सत्य 2. सत्य 3. असत्य 4. सत्य 5. सत्य 6. सत्य 7. सत्य 8. असत्य 9. सत्य 10. असत्य 11. सत्य 12. सत्य 13. सत्य 14. असत्य 15. सत्य 16. सत्य 17. सत्य 18. असत्य 19. सत्य 20. सत्य

# इकाई - 2

# काव्य – बोध

**सही विकल्प-**

1. आचार्य विश्वनाथ
2. दो
3. प्रबंध काव्य
4. विभाव से
5. 33
6. वीभत्स
7. छंद
8. अलंकार
9. 11 - 11

**रिक्त स्थान-**

1. खण्डकाव्य
2. दृश्यकाव्य
3. आनंद
4. श्रृंगार
5. छंद
6. 16-16
7. दो
8. अतिशयोक्ति अलंकार
9. उत्साह
10. पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार

**सही जोड़ी-**

i 1. महाकाव्य

2. छंद

3. खण्डकाव्य

4. दृश्यकाव्य

5. निर्वेद

ii 1. रस

2. दो

3. मात्रिक छंद

4. गण

5. श्रृंगार-परक

iii 1. आभूषण

2. अन्योक्ति

3. मानवीकरण

4. अतिशयोक्ति

5. पुनरूक्ति प्रकाश

**एक वाक्य में उत्तर** -

**टीप – यहाँ उत्तर संक्षिप्त में दिए जा रहे हैं किन्तु विद्यार्थी को पूरा एक वाक्य बनाकर ही उत्तर लिखना होगा,तब ही सही उत्तर माना और पूर्ण अंक प्राप्त हो सकेंगे।**

1. मुक्तक काव्य 2. चौपाई 3. 9 4. श्रृंगार 5. दोहा 6 . अतिश्योक्ति

7 . आठ 8 . चौपाई 9 . मैथिलीशरण गुप्त 10 . मात्रिक छंद 11 . विभाव

**सत्य / असत्य कथन लिखिए** -

1. सत्य 2. सत्य 3. असत्य 4. सत्य 5. असत्य

6. असत्य 7. असत्य 8. असत्य 9. असत्य

# इकाई – 3

# क्षितिज भाग-2 गद्य खण्ड

**सही विकल्प–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | कहानी | 15 | यशपाल |
| 2 | मध्यप्रदेश | 16 | व्यंग्य |
| 3 | वसुधा | 17 | लखनऊ |
| 4 | चश्मे वाले का | 18 | मन्नू भंडारी का |
| 5 | देशभक्ति की भावना | 19 | मन्नू भंडारी का |
| 6 | सुभाषचन्द्र बोस की | 20 | एक कहानी यह भी |
| 7 | नगरपालिका द्वारा | 21 | आंदोलन कारी |
| 8 | रामबृक्ष बेनीपुरी जी को | 22 | सुनीता |
| 9 | रेखाचित्र | 23 | शहनाई वादन के लिए |
| 10 | गृहस्थ | 24 | अमीरूद्दीन |
| 11 | कबीर के | 25 | गांधी जी से |
| 12 | कुरीतियों पर | 26 | महाकाव्य |
| 13 | खंजड़ी | 27 | प्रेमचन्द |
| 14 | उसके विचारों से | 28 | आचार्य रामचन्द्र शुक्ल |

**रिक्त स्थान–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गद्य | 10 | नेताजी | 19 | कनखियों |
| 2 | एकांकी | 11 | खेतों में | 20 | भानपुरा |
| 3 | आत्मकथा | 12 | अनुरूप | 21 | सुशीला |
| 4 | कथाकार | 13 | रेखाचित्र | 22 | हिन्दी |
| 5 | महापुरूष | 14 | साहब | 23 | गर्व |
| 6 | मोतीलाल | 15 | सजीव | 24 | डुमराव |
| 7 | बच्चों ने | 16 | चोर | 25 | काशी |
| 8 | कैप्टन | 17 | सब | 26 | विश्वनाथ |
| 9 | फौजी | 18 | उत्साह | 27 | आनंदकानन |
| | | | | 28 | न्युटन |

29 संस्कृत 30 अविभाज्य

**सही जोड़ी–**

(i)
1 प्रतिमा पर चश्मा
2 कबीर पंथ
3 ड्राइंग मास्टर
4 लखनऊ
5 महाभोज
6 काशी

(ii)
1 यशपाल
2 मन्नू भंडारी
3 यतीन्द्र मिश्र
4 भदंत आनंद कौसल्यायन
5 रामवृक्ष बेनीपुरी
6 स्वयं प्रकाश

(iii)
1 स्वयं प्रकाश
2 रामवृक्ष बेनीपुरी
3 यशपाल
4 मन्नू भंडारी
5 यतीन्द्र मिश्र
6 भदंत आनंद कौसल्यायन

**एक वाक्य में उत्तर-**

**टीप – यहाँ उत्तर संक्षिप्त में दिए जा रहे हैं किन्तु विद्यार्थी को पूरा एक वाक्य बनाकर ही उत्तर लिखना होगा,तब ही सही उत्तर माना और पूर्ण अंक प्राप्त हो सकेंगे।**

1 फ्रांसीसी भाषा का
2 कहानी
3 भारतेन्दु युग से
4 किसी महापुरूष या विख्यात व्यक्ति की
5 प्रेमचन्द को
6 एक अंक होता है
7 बच्चों में
8 हालदार साहब
9 संगमरमर से
10 नेता जी सुभाषचन्द्र बोस ने

11 कबीरपंथियों की सी कनफटी टोपी

12 रामवृक्ष बेनीपुरी जी को

13 कबीर को साहब मानते थे

14 वर्षा का मौसम होता है

15 बालगोबिन भगत

16 कार्तिक माह से

17 झूठा सच उपन्यास

18 भगतसिंह और सुखदेव से

19 नबाव साहब के पास

20 बालम खीरा

21 खिड़की से बाहर फेंक दी

22 राजेन्द्र यादव से

23 भटियार खाना

24 इन्दौर में

25 15 अगस्त 1947 को देश का स्वतंत्र/आजाद होना

26 आनंद कानन

27 भारत रत्न

28 संस्कृति की

29 मिट्ठन था

30 भदंत आनंद कौसल्यायन का

31 निबंध विधा का

32 संस्कृति का

33 पेट की ज्वाला

34 अविभाज्य

**सत्य /असत्य -**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | असत्य | 12 | असत्य | 23 | सत्य |
| 2 | सत्य | 13 | सत्य | 24 | सत्य |
| 3 | असत्य | 14 | असत्य | 25 | सत्य |
| 4 | सत्य | 15 | असत्य | 26 | सत्य |
| 5 | असत्य | 16 | असत्य | 27 | सत्य |
| 6 | असत्य | 17 | असत्य | 28 | सत्य |
| 7 | सत्य | 18 | असत्य | 29 | सत्य |
| 8 | सत्य | 19 | सत्य | 30 | सत्य |
| 9 | सत्य | 20 | सत्य | 31 | सत्य |
| 10 | सत्य | 21 | असत्य | 32 | सत्य |
| 11 | सत्य | 22 | असत्य | 33 | असत्य |

## इकाई - 4

## भाषा बोध

**सही विकल्प–**

1. संधि
2. 3
3. समास
4. पूर्वपद
5. तीन
6. क्रिया विशेषण
7. कर्मवाच्य
8. क्रिया
9. क्रोध करना
10. आठ
11. रस

**रिक्त स्थान -**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. कर्मवाच्य | 2. क्रिया | 3. योजक | 4. स्वर |
| 5. मुहावरा | 6. मुहावरा | 7. सकर्मक | 8. छः |
| 9. द्विगु | 10. 3 | | |

**सही जोड़ी -**

i 1. - द्वन्द
2. - तत्पुरूष
3. - द्विगु
4. - अंधे की लाठी
5. - परास्त करना

ii 1. - वाक्य
2. - समास
3. - लोगों द्वारा कहा गया कथन
4. - प्रश्नवाचक
5. - दावानल

**एक वाक्य में उत्तर-**

**टीप – यहाँ उत्तर संक्षिप्त में दिए जा रहे हैं किन्तु विद्यार्थी को पूरा एक वाक्य बनाकर ही उत्तर लिखना होगा,तब ही सही उत्तर माना और पूर्ण अंक प्राप्त हो सकेंगे।**

1. क्रियाओं का विधान
2. लोकोक्ति
3. कर्मवाच्य
4. कठोर परिश्रम करना
5. सिर उठाना
6. अभिधा
7. अजातशत्रु
8. कठिन कार्य
9. अव्ययी भाव
10. योजक शब्द

**सत्य / असत्य –**

1. सत्य
2. असत्य
3. असत्य
4. सत्य
5. सत्य
6. सत्य
7. सत्य
8. असत्य
9. असत्य
10. सत्य

## इकाई – 5

## कृतिका भाग – 2

**सही विकल्प**

1. पिसी हुई हल्दी
2. तारकेश्वनाथ
3. साफ करना
4. बिच्छू
5. मइयाँ के अँचल में
6. मधु कांकरिया की
7. शांति और अहिंसा की
8. यात्रा वृतांत
9. चांदनी रात में
10. फिर मिलेंगे
11. मणि
12. देवी देवताओं का निवा
13. अरि ओ करुणा प्रभामय
14. लिखकर
15. रेल गाड़ी में बैठे बैठे
16. अनुभूति

**रिक्त स्थान**

1. आँधी 2. बाबूजी 3. चूहों 4. मृदंग 5 पीर
6. 149 7. भूटिया 8. तिस्ता 9. कटाओ 10. रोमांचक
11. युवतियां 12. जापान 13. विज्ञान 14. उत्तर प्रदेश
15. जम्मू कश्मीर 16. पहाड़ 17. गद्य

**सही जोड़ी**

(i)

1 शिवपूजन सहाय

2 अज्ञेय

3 मैं क्यों लिखता हूँ ?

4 यात्रावृत्तांत

5 माता का अँचल

(ii)

1. सन् 1893
2. शिवपूजन सहाय
3. मधु कांकड़िया
4. सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन
5. सन् 1911

(iii).1. चार खण्ड

2. मधु कांकड़िया
3. एक धर्म चक्र

4. निबन्ध

5. काव्य संग्रह

(iv)

1. कहानी संग्रह

2. चलते रहो –चलते रहो

3. धीरे-धीरे

4. आम का उगता हुआ पौधा

5. छोटा शामियाना

(v)

1 प्रतिष्ठित पत्रिका

2 देवी देवताओं का निवास

3 अज्ञेय

4 कोलकाता में जन्म

5 पीठ के बल लेटना

**एक वाक्य में उत्तर–**

**टीप – यहाँ उत्तर संक्षिप्त में दिए जा रहे हैं किन्तु विद्यार्थी को पूरा एक वाक्य बनाकर ही उत्तर लिखना होगा,तब ही सही उत्तर माना जाएगा और पूर्ण अंक प्राप्त हो सकेंगे।**

1. देहाती दुनिया
2. बहुत से बिच्छू
3. मइयाँ केअँचल में
4. तारकेश्वरनाथ
5. बाबूजी
6. पालकी
7. (अ) बहुत बारीक मलमल
   (ब) साफ, शुद्ध
8. तरह – तरह
9. बड़ी टोकरी जिसे पहाड़ी महिलाएं अपनी पीठ पर रखती हैं।
10. अणु बम को
11. जब अणु विस्फोट उनके अनुभूति प्रत्यक्ष में आ गया।

**सत्य/असत्य**

1. सत्य
2. असत्य
3. असत्य
4. सत्य
5. सत्य
6. असत्य
7. असत्य
8. सत्य
9. असत्य
10. असत्य
11. सत्य

**विशेष टीप** –

- **शिक्षक स्वयं भी उत्तरमाला की जाँच करते हुए विद्यार्थियों को अभ्यास कराएँ।**
- **विषय शिक्षक द्वारा काव्यबोध एवं भाषा बोध इकाइयों में प्रश्नबैंक में दिए प्रश्नों एवं उदाहरणों के अतिरिक्त अन्य प्रश्नों एवं उदाहरणों का भी अभ्यास कराया जाए।**